"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी.2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि. से. भिलाई. दिनांक 30-05-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)
प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 228] रायपुर, सोमवार, दिनांक 22 मई 2023 —— ज्येष्ठ 1, शक 1945

समाज कल्याण विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर

अटल नगर, दिनांक 16 मई 2023

अधिसूचना

क्रमांक एफ 7–58/2018/26. – दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 (2016 का 49) की धारा 101 की उप–धारा (1) तथा उप–धारा (2) द्वारा द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, दिव्यांगजनों के अधिकारों एवं हित लाभों के संबंध में निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :–

नियम

अध्याय–एक

प्रारंभिक

1. **संक्षिप्त नाम, विस्तार तथा प्रारंभ.–** (1) ये नियम छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन अधिकार नियम, 2023 कहलायेगा।

(2) इनका विस्तार सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में होगा।

(3) यह राजपत्र में इसके प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषाएं.–** (1) इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,–

(क) **''अधिनियम''** से अभिप्रेत है दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 (2016 का 49);

(ख) **''दिव्यांगता प्रमाणपत्र''** से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा 57 के अधीन प्रमाणकर्ता प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया प्रमाणपत्र;

(ग) **''कार्यपालक मजिस्ट्रेट''** से अभिप्रेत है दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का सं. 4) की धारा 20 के अन्तर्गत नियुक्त मजिस्ट्रेट;

(घ) **''परिवार''** से अभिप्रेत है दिव्यांगजन के माता–पिता (जैविक/सौतेले), भाई–बहन–तृतीय लिंग (अविवाहित), पुत्र–पुत्री– तृतीय लिंग संतान (आश्रित) तथा विधिक अभिभावक;

(झ) **''संस्था का पंजीयन''** से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा 50 के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों के लिए किसी संस्था की स्थापना एवं अनुरक्षण हेतु जारी पंजीयन प्रमाणपत्र;

(ञ) **''राज्य''** से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ राज्य;

(ट) **''राज्य आयुक्त''** से अभिप्रेत है अधिनियम की धारा 79 के अधीन नियुक्त राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन, छत्तीसगढ़;

(ठ) **''राज्य सरकार''** से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ सरकार।

(2) शब्द और अभिव्यक्तियां, जो इसमें प्रयुक्त है और परिभाषित नहीं है किन्तु अधिनियम में परिभाषित है, के क्रमशः वही अर्थ होंगे, जैसा कि अधिनियम में उनके लिये समनुदेशित है।

अध्याय–दो
अधिकार और हकदारियां

3. **स्थापन का दिव्यांगता के आधार पर भेदभाव नहीं करना.**– (1) स्थापन का प्रमुख /प्रभारी सुनिश्चित करेगा कि अधिनियम की धारा 3 की उप–धारा (3) के अधीन दिव्यांगजनों के अधिकारों का दुरूपयोग नहीं किया जाये तथा ऐसे व्यक्तियों को उनके हितलाभों से वंचित नहीं किया जाये ।

(2) दिव्यांग व्यक्ति से संबंधित प्रकरणों के निपटारे हेतु, प्रत्येक स्थापन, किसी एक अधिकारी/कर्मचारी को नोडल अधिकारी नामांकित करेगा, यदि नोडल अधिकारी को कोई शिकायत प्राप्त होती है तो वह उसका निराकरण 60 दिवस के भीतर करेगा।

(3) यदि कोई शासकीय या कोई निजी स्थापन, जो बीस से अधिक व्यक्तियों को नियोजित कर रहा है, दिव्यांगता के आधार पर भेदभाव के सम्बन्ध में कोई शिकायत प्राप्त करता है, तो वह :–

(एक) अधिनियम के उपबंधों के अनुसार कार्रवाई आरंभ करेगा; या

(दो) व्यथित व्यक्ति को लिखित में सूचित करेगा कि, की गई कार्यवाही समानुपातिक रूप से पर्याप्त है।

(4) यदि व्यथित व्यक्ति, यथास्थिति, राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन, छत्तीसगढ़ को शिकायत प्रस्तुत करता है, तो उसके शिकायत का निराकरण, 60 दिवस की अवधि के भीतर किया जाएगा।

(5) शिकायत के निराकरण का क्रियान्वयन, संबंधित शासकीय या कोई निजी स्थापन, 90 दिवस की अवधि के भीतर सुनिश्चित करेगा।

(6) अधिनियम की धारा 4 की उप–धारा (2) के उपबंधों के अधीन आने वाले दिव्यांग महिला एवं बालक को, उनको प्रभावित करने वाले सभी विषयों पर अपने दृष्टिकोण को व्यक्त करने का समान आधार पर अधिकार होगा एवं

उनकी आयु और दिव्यांगता को दृष्टि में रखते हुए समुचित सहायता प्रदान की जाएगी।

(7) प्रत्येक स्थापन को प्राप्त होने वाले शिकायत के निराकरण तथा लंबित आदि की जानकारी, प्रतिवर्ष, राज्य आयुक्त दिव्यांगजन के नोडल अधिकारी को उपलब्ध कराएगा।

4. **दिव्यांगता अनुसंधान के लिए राज्य समिति.**– (1) राज्य सरकार, अधिसूचना के द्वारा, अधिनियम की धारा 6 की उप–धारा (2) के खण्ड (दो) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करने हेतु दिव्यांगता अनुसंधान के लिए राज्य समिति के रुप में ज्ञात निकाय का गठन करेगी। ऐसी राज्य समिति निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात्:–

(एक)	राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट व्यक्ति, जो विज्ञान या चिकित्सा (दिव्यांगता या दिव्यांगता से संबंधित) अनुसंधान के क्षेत्र में वृहद अनुभव रखता हो.	– अध्यक्ष
(दो)	आयुक्त–सह–संचालक, तकनीकी शिक्षा संचालनालय, छत्तीसगढ़	– सदस्य
(तीन)	संचालक, समाज कल्याण संचालनालय, छत्तीसगढ़	– सदस्य–सचिव
(चार)	संचालक, महिला एवं बाल विकास संचालनालय, छत्तीसगढ़	– सदस्य
(पांच)	संचालक, चिकित्सा शिक्षा संचालनालय, छत्तीसगढ़	– सदस्य
(छः)	कुलसचिव, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर, छत्तीसगढ़	– सदस्य
(सात)	विभागाध्यक्ष, पं. जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (विषय विशेषज्ञ दृष्टि एवं श्रवण बाधित)	– सदस्य
(आठ)	विभागाध्यक्ष, सामाजिक विज्ञान, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर	– सदस्य
(नौ)	अधिनियम में यथा विनिर्दिष्ट पांच पृथक–पृथक दिव्यांगताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले राष्ट्रीय/राज्य संस्थानों के पांच व्यक्ति,	– सदस्य
(दस)	दिव्यांगता के क्षेत्र में समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदानित स्वैच्छिक संस्थाओं के प्रतिनिधि के रूप में पांच व्यक्ति, जो अधिनियम की अनुसूची में विनिर्दिष्ट दिव्यांगताओं के पांच समूहों का प्रतिनिधित्व करेंगे.	– सदस्य

खण्ड (एक), (नौ) तथा (दस) के अशासकीय सदस्यों का नाम राज्य शासन द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाएगा, किन्तु उक्त स्वैच्छिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों में से कम से कम एक प्रतिनिधि महिला होगी।

(2) समिति, दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत राज्य अथवा राज्य से बाहर के किसी विशेषज्ञ को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में आमंत्रित करेगी।

(3) नामनिर्दिष्ट सदस्यों की पदावधि, नामनिर्देशन आदेश के दिनांक से तीन वर्ष की होगी और नामनिर्दिष्ट सदस्य, एक और पदावधि के लिए पुनःनामनिर्देशन के लिए पात्र होंगे।

(4) राज्य शासन, यदि वह ठीक समझे तो, किसी नामनिर्देशित सदस्य को उसकी पदावधि की समाप्ति के पूर्व, उसे उसके विरूद्ध कारण दर्शित करने का उचित अवसर देने के पश्चात् हटा सकेगा।

(5) बैठक की सूचना, पन्द्रह दिवस पूर्व समिति के सदस्यों को दिया जाना अनिवार्य होगा।

(6) समिति की बैठक में एक तिहाई सदस्यों के उपस्थित होने पर ही बैठक की गणपूर्ति होगी, किन्तु गणपूर्ति नहीं होने पर, न्यूनतम 30 मिनट तक के लिए बैठक स्थगित किए जाने की स्थिति में, गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी।

(7) समिति, आवश्यकतानुसार, दिव्यांगजन के स्वास्थ्य, तकनीकी, शिक्षा एवं उनके रोजगार और पुनर्वास हेतु पृथक–पृथक उप–समितियों का गठन करेगी, ये उप–समितियां तीस दिवस के समयान्तराल में बैठक आयोजित करेगी तथा एक वर्ष के भीतर शोध कार्य पूर्ण करेगी और उसे समिति को प्रस्तुत करेगी।

(8) अनुसंधान कार्य के लिए किसी भी विशेषज्ञ व्यक्ति या संस्था को अनुबंधित कर, इस प्रयोजन हेतु अधिकतम राशि रूपये पांच लाख प्रति शोध प्रति वर्ष व्यय किया जा सकेगा।

(9) समिति द्वारा पारित निर्णय/आदेश, सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग के समक्ष 60 कार्य दिवस के भीतर, अपील योग्य होगी, अपीलीय अधिकारी का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

(10) स्वैच्छिक संस्थाओं के प्रतिनिधि सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्य को छत्तीसगढ़ शासन, वित्त एवं योजना विभाग द्वारा जारी "वित्त–निर्देश" के अनुसार राज्य शासन के मण्डल/आयोग/निगम के अध्यक्ष/सदस्यों के लिये अनुज्ञेय यात्रा भत्ते और दैनिक भत्ते की पात्रता, अध्यक्ष को अध्यक्ष की दर से तथा सदस्य को सदस्य की दर से होगी।

(11) खण्ड (नौ) तथा (दस) में विनिर्दिष्ट अनुसार समिति के अशासकीय अध्यक्ष/सदस्यों को अनुज्ञेय यात्रा/दैनिक भत्ते की राशि का भुगतान, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 88 एवं नियम 98 के अधीन, दिव्यांगजन हेतु गठित राज्य निधि से या शासन द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार/राज्य निराश्रित निधि से किया जायेगा।

(12) राज्य शासन, समिति को उतने लिपिकीय और अन्य मानव संसाधन उपलब्ध कराएगी, जैसा कि राज्य शासन आवश्यक समझे।

5. **समिति के गठन में किसी कमी के कारण कोई कार्यवाही अविधिमान्य नहीं होगी.–** समिति की कोई भी कार्यवाही, केवल इस कारण से अविधिमान्य नहीं होगी कि संगठनात्मक समिति में कोई रिक्ति या कोई कमी विद्यमान है।

6. **दिव्यांगजन, अनुसंधान का विषय नहीं होगा.–** कोई दिव्यांगजन, किसी अनुसंधान का विषय तब तक नहीं होगा, यदि अनुसंधान का उसके शरीर पर भौतिक या मानसिक प्रभाव पड़ता हो।

7. **कार्यपालिक मजिस्ट्रेट द्वारा अनुसरित की जाने वाली प्रक्रिया.–** अधिनियम की धारा 7 के अधीन परिवादों पर अग्रतर कार्यवाही करने के प्रयोजन के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) की धारा 133 से धारा 143 के प्रावधानों के अधीन वर्णित प्रक्रिया का अनुसरण करेंगे।

8. **संरक्षण और सुरक्षा.–** (1) अधिनियम की धारा 8 की उप–धारा (1) के अधीन दिव्यांगजनों को जोखिम, सशस्त्र संघर्ष, मानवीय आपात स्थितियों और प्राकृतिक आपदाओं की दशा में समान संरक्षण और सुरक्षा प्रदान की जायेगी।

(2) अधिनियम की धारा 8 की उप–धारा (2) के अधीन राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, दिव्यांगजनों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिये अपने आपदा प्रबंधन कार्यकलाप, जैसा कि आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 (2005 का 53) की धारा 2 के खण्ड (ड.) के अधीन परिभाषित है, में दिव्यांगजनों को भी सम्मिलित किया जाना सुनिश्चित करने हेतु समुचित उपाय करेगा।

(3) अधिनियम की धारा 8 की उप–धारा (3) के अधीन आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 (2005 का 53) की धारा 25 के अधीन गठित जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, जिले में दिव्यांग व्यक्तियों के ब्यौरे का अभिलेख संधारित करेगा और ऐसे व्यक्तियों को जोखिम/आपदा की किन्हीं स्थितियों में सूचित करते हुए, यथोचित उपाय करेगा जिससे कि आपदा प्रबंधन की तैयार को बढाया जा सके तथा समुचित पुर्नवास किया जा सके।

(4) राज्य स्तर पर संचालक, समाज कल्याण तथा जिला स्तर पर संयुक्त/उप संचालक, समाज कल्याण के समन्वय एवं संपर्क से, दिव्यांगजन के संबंध में आपदा प्रबंधन से संबंधित आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था की जायेगी।

(5) आपदा की स्थिति में राहत कार्य हेतु उपयोग में लाई जाने वाली सामग्रियों में बाधारहित सामग्री एवं संसाधनों का होना अनिवार्य है। आपदा प्रबंधन दल में से श्रवण बाधितों के लिए एक ऐसा व्यक्ति होना चाहिये, जो साइन लैंग्वेज (सांकेतिक भाषा) का सम्प्रेषण एवं उपयोग करता हो तथा विशिष्ट दिव्यांगता को सूचित करने वाले चिन्ह/मार्क सहित संसूचना प्रदर्शित किया जाना चाहिये।

(6) नियम 8 के उप–नियम (1), (2), (3) एवं (5) के अधीन प्रावधानित कार्यवाही के लिए राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग नोडल विभाग होगा।

9. **गृह और कुटुम्ब.–** (1) अधिनियम की धारा 9 की उप–धारा (1) के अधीन किसी दिव्यांग बालिका/बालक/तृतीय लिंग व्यक्ति को, यदि दिव्यांग बालिका/बालक/तृतीय लिंग व्यक्ति के सर्वोत्तम हित में अपेक्षित हो, सक्षम न्यायालय के

आदेश के बिना, उसके अभिभावकों से दिव्यांगता के आधार पर पृथक नहीं किया जायेगा।

(2) जहां परिवार, 18 वर्ष से कम आयु के दिव्यांग बालक/बालिका/तृतीय लिंग की देखरेख करने में असमर्थ हैं तो, बाल कल्याण समिति (किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2016 (2016 का सं. 2) के प्रावधानों के अनुरूप), ऐसे बालक को उसके निकटतम नातेदार के पास रखेगा और ऐसा न हो पाने पर, कुटुम्ब परिवेश में समुदाय में या आपवादिक दशाओं में, किशोर न्याय अधिनियम एवं दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के अधीन शासकीय/अशासकीय संस्थाओं द्वारा चलाये जा रहे बालगृह में रखा जायेगा।

(3) जहां परिवार, 18 वर्ष से अधिक आयु के दिव्यांगजन की देखरेख करने में असमर्थ हैं तो, अनुविभागीय दण्डाधिकारी के न्यायालय द्वारा, स्वपरायणता, प्रमस्तिष्क घात, मानसिक मंदता और बहु–निशक्तता वाले व्यक्तियों के कल्याण के लिए राष्ट्रीय न्यास अधिनियम, 1999 (1999 का सं. 44) के प्रावधानों के अनुरूप या अन्य स्थिति में, ऐसे दिव्यांगजन को उसके नजदीकी नातेदार के पास रखा जायेगा और ऐसा न हो पाने पर, कुटुम्ब परिवेश में समुदाय में या आपवादिक दशाओं में, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के अधीन शासकीय/अशासकीय संस्थाओं द्वारा चलाये जा रहे बाल गृहों में रखे जाने हेतु निर्णय/अनुमति देगा।

(4) उप–नियम (2) एवं (3) के अधीन लिया गया निर्णय, मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम, 2017 (2017 का सं. 10) को प्रभावित नहीं करेगा।

10. **प्रजनन का अधिकार.**– (1) दिव्यांग व्यक्तियों को प्रजनन एवं परिवार नियोजन के सम्बन्ध में मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों आदि के द्वारा समुचित सूचना दी जायेगी तथा जागरूक किया जायेगा।

(2) रक्त विकृति तथा आनुवांशिक विकार से होने वाली दिव्यांगताओं के संबंध में विवाह पूर्व परामर्श दिया जायेगा।

(3) दिव्यांगजनों के प्रजनन एवं परिवार नियोजन के सम्बन्ध में, यदि कोई प्रकरण प्रकाश में आता है कि गर्भ धारण/बच्चे को जन्म देने से, दिव्यांग महिला को, जन्म लेने वाले शिशु के स्वास्थ्यगत एवं परवरिश के संबंध में, किसी भी प्रकार की समस्या या जोखिम हो सकता है, तो ऐसी स्थिति में, जिला स्तर पर निम्नलिखित ''परीक्षण और सुझाव समिति'' का गठन किया जायेगा :–

(एक)	मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग	–	अध्यक्ष
(दो)	जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग	–	सदस्य
(तीन)	संयुक्त/उप संचालक, समाज कल्याण	–	प्रस्तुतकर्ता

समिति, रिपोर्ट का परीक्षण कर, 3 दिवस के भीतर कलेक्टर को प्रेषित करेगी। जिला कलेक्टर 7 दिवस के भीतर समुचित निर्णय लेंगे।

कलेक्टर के निर्णय के विरूद्ध अपील, संभागायुक्त के समक्ष 7 दिवस के भीतर की जा सकेगी, जिस पर संभागायुक्त, आगामी 7 दिवस के भीतर प्रकरण पर अंतिम निर्णय लेगा तथा उसका निराकरण करेगा।

(4) नियम 10 के उप–नियम (1) एवं (2) के अधीन कार्यवाही करने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, नोडल विभाग होगा।

11. **मतदान केन्द्रों में पहुंच.**– अधिनियम की धारा 11 के अधीन राज्य और जिला निर्वाचन अधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि सभी मतदान केन्द्रों में दिव्यांगजनों की सुगम और बाधारहित पहुंच हो तथा निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित सभी सामग्री, लोकसभा, विधानसभा, नगरपालिका, पंचायत, सहकारिता एवं अन्य समस्त निर्वाचन प्रक्रियाओं में भी उनकी सहजता से समझने योग्य एवं पहुंच में हो।

12. **न्याय तक पहुंच.**– (1) अधिनियम की धारा 12 की उप–धारा (1) के अधीन दिव्यांगता के आधार पर न्याय उपलब्ध कराया जायेगा।

(2) अधिनियम की धारा 12 की उप–धारा (3) के अधीन विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 (1987 का सं. 39) के अधीन गठित राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण यह सुंनिश्चित करेगा कि दिव्यांग व्यक्तियों को राज्य/केन्द्र शासन द्वारा संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों, सुविधाओं या सेवाओं का प्रदाय, उनके कल्याण के उद्देश्य से की जा रही है।

(3) समस्त न्यायालयों, बोर्ड एवं आयोग में दिव्यांगजनों के प्रकरणों की सुनवाई में प्राथमिकता दी जाएगी तथा परिसर के अंदर दिव्यांगजनों हेतु बाधारहित व्यवस्था प्रदान की जायेगी।

(4) राज्य/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का कर्तव्य होगा कि राज्य/जिला स्तर पर साइन लैंग्वेज (सांकेतिक भाषा) में प्रशिक्षित या जानकार शासकीय/निजी अधिवक्ता की उपलब्धता सुनिश्चित करे।

(5) राज्य शासन के समस्त विभाग की वेबसाईट के अतिरिक्त दिव्यांगजनों से सम्बन्धित रजिस्ट्री/साक्ष्य दस्तावेज/फाईल आदि को दिव्यांगजनों के अनुकूल सुगम/पढ़ने योग्य बनाया जायेगा।

13. **संरक्षकता के लिए उपबंध.**– (1) अधिनियम की धारा 14 की उप–धारा (2) के अधीन संरक्षकता के लिए कार्यवाही करने के प्रयोजन के लिए स्वपरायणता, प्रमस्तिष्क घात, मानसिक मंदता और बहु–निशक्तता वाले व्यक्तियों के कल्याण के लिए राष्ट्रीय न्यास अधिनियम, 1999 (1999 का सं. 44) में उपबंधित प्रक्रिया का अनुसरण करेगा।

(2) दिव्यांग महिला के प्रकरण में, विधिक संरक्षक की नियुक्ति के लिए महिला को प्राथमिकता दी जायेगी।

14. **सामाजिक जागरूकता.**– अधिनियम की धारा 15 के अधीन छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग, दिव्यांगजन तथा जन सामान्य में दिव्यांगजन के प्रति

सामाजिक जागरूकता विकसित करने हेतु इस संबंध में समय–समय पर जारी दिशा निर्देशो के अनुरूप नोडल अधिकारी पदाभिहित करेगा।

अध्याय–तीन
शिक्षा

15. **शैक्षणिक संस्थानों का कर्तव्य.**– (1) राज्य में संबंधित विभाग द्वारा संचालित विद्यालय एवं प्रशिक्षण केन्द्रों को, दिव्यांगजन हेतु समावेशी शिक्षा प्रदान करने हेतु विकसित किया जायेगा तथा संबंधित विभाग, विभागीय जिला अधिकारियों को नोडल अधिकारी के रुप में समुचित निर्देश जारी करेगा।

(2) राज्य सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि कोई भी दिव्यांग विद्यार्थी, दिव्यांगता के आधार पर, किसी शासकीय/अशासकीय मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश लेने तथा शिक्षा ग्रहण करने से वंचित न हो।

(3) दिव्यांग विद्यार्थियों को, निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 (2009 का सं. 35) की धारा 18 के अधीन दिव्यांग बच्चों को समेकित निःशुल्क शिक्षा दी जायेगी।

(4) यदि उप–नियम (2) एवं (3) के अनुसार सुविधाएं प्राप्त नहीं होती है तो दिव्यांग विद्यार्थी, संबंधित जिले के विभागीय जिला/नोडल अधिकारी को शिकायत करेगा।

(5) शिकायत प्राप्त होने के 15 कार्य दिवस के भीतर जिला/नोडल अधिकारी द्वारा निर्णय लिया जायेगा।

(6) जिला/नोडल अधिकारी के निर्णय के विरूद्ध अपील, विभागीय आयुक्त/संचालक को की जा सकेगी, अपील के प्राप्त होने के 07 कार्य दिवस के भीतर शिकायत का निराकरण किया जायेगा।

(7) उप–नियम (6) के अधीन लिये गये निर्णय की अवमानना की दशा में, राज्य सरकार द्वारा, शासकीय शिक्षण संस्थान के संबंधित प्राचार्य/प्रभारी अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किया जायेगा।

(8) अशासकीय मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्था की स्थिति में, संस्थान की मान्यता समाप्त कर दी जायेगी, इसका पालन सुनिश्चित करने के लिए, राज्य सरकार समुचित निर्देश जारी करके, विभागीय जिला/नोडल अधिकारियों को प्राधिकृत कर सकेगी।

(9) समस्त शासकीय/अशासकीय शिक्षण संस्थान का भवन, दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए सुगम्य होगा, यदि किसी शिक्षण संस्था का भवन, दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए सुगम्य नहीं है तो संबंधित विभाग, ऐसे भवनों को अधिकतम 03 वर्ष में दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु सुगम्य बनायेगा।

(10) संबंधित विभाग, दिव्यांग विद्यार्थियों/प्रशिक्षणार्थियों के लिए दिव्यांगता अनुसार पाठ्यक्रम का निर्धारण, परीक्षाओं हेतु अतिरिक्त समय, तथा सहायक

की उपलब्धतता के लिए अधिनियम के प्रावधान के अनुरूप समुचित दिशा–निर्देश जारी करेगा।

(11) नोडल अधिकारी, संस्था में अध्ययनरत दिव्यांग विद्यार्थियों की जानकारी, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अधीन परिभाषित दिव्यांगता के आधार पर देगा।

(12) नोडल अधिकारी, काउन्सिलिंग करेगा तथा प्राप्त शिकायत का निराकरण करेगा, संस्थान में शिक्षण/प्रशिक्षणरत दिव्यांगजन के संबंध में जानकारी, जिला स्तर पर संयुक्त/उप संचालक, जिला कार्यालय समाज कल्याण को शिक्षा सत्र प्रारंभ एवं समापन के 15 कार्य दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से देगा।

(13) राज्य शासन के समस्त शासकीय/अनुदान प्राप्त संस्थाओं द्वारा संचालित छात्रावासों की स्वीकृत संख्या में से 15 प्रतिशत स्थान (सीट), दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु आरक्षित रखा जायेगा, इस संबंध में संबंधित विभाग, दिशा–निर्देश जारी करेगा।

(14) प्रारंभिक स्तर पर प्रत्येक जिले के जनपद पंचायत/जिला मुख्यालय में किसी एक अथवा आवश्यकतानुसार एक से अधिक विद्यालय/ महाविद्यालय एवं कौशल विकास केन्द्र को समावेशी शिक्षा/रोजगार के मॉडल के रूप में विकसित किया जाना अनिवार्य होगा।

16. समावेशी शिक्षा को संवर्धित करने और सुकर बनाने के लिए विनिर्दिष्ट उपाय.–(1) छत्तीसगढ़ शासन के शिक्षा विभाग का कर्तव्य होगा कि राज्य के 06 से 18 वर्ष आयु वर्ग के स्कूल जाने वाले दिव्यांग बालकों की पहचान करे तथा पहला सर्वेक्षण, अधिनियम के प्रवृत्त होने के दिनांक से दो वर्ष की अवधि के भीतर कराये।

(2) राज्य के 0 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की दिव्यांगता की शीघ्र पहचान करने हेतु, सर्वेक्षण एवं पहचान के बाद, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आगामी कार्यवाही हेतु हस्तांतरित किया जायेगा।

(3) बच्चों में दिव्यांगता की रोकथाम एवं उपचार के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से अभिभावकों का प्रशिक्षण दिया जायेगा एवं काउंसलिंग कराई जायेगी तथा इस हेतु आंगनबाड़ी केन्द्रों के मानव संसाधनों के प्रशिक्षण का दायित्व भारसाधक विभाग का होगा।

(4) छत्तीसगढ़ शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग, किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के प्रावधानों के अनुसार संचालित छात्रावासों के दिव्यांग अंतःवासियों को सुविधाएं एवं संसाधन प्रदान करने हेतु नोडल विभाग होगा।

अध्याय–चार
कौशल विकास और नियोजन

17. **व्यावसायिक प्रशिक्षण और स्वनियोजन.**– (1) अधिनियम की धारा 19 की उप–धारा (1) के अधीन दिव्यांगजन को व्यावसायिक प्रशिक्षण देने हेतु राज्य शासन द्वारा संचालित

अनुदानित आई.टी.आई., पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास कार्यक्रमों के पाठ्यक्रमों को दिव्यांगजन की सुविधा के अनुरूप विकसित किया जायेगा।

(2) दिव्यांगजन को व्यावसायिक प्रशिक्षण से लाभान्वित करने हेतु पृथक यूनिट कॉस्ट एवं बैच साईज का निर्धारण भी किया जायेगा तथा दिव्यांगों की दिव्यांगता के आधार पर विशेष शिक्षक (दृष्टि बाधित, श्रवण बाधित, अस्थि बाधित में प्रशिक्षित) का होना सुनिश्चित किया जायेगा।

(3) दिव्यांगजन को स्व–रोजगार हेतु रियायती दरों पर ऋण प्रदान करने का कर्तव्य छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग एवं अन्य ऋण प्रदाय करने वाले सम्बन्धित विभागों का होगा।

18. **समान अवसर नीति के प्रकाशन की रीति.**– (1) प्रत्येक स्थापना, दिव्यांगजनों के लिए, अधिनियम की धारा 2 के अधीन परिभाषित प्रावधान/दिव्यांगता के प्रकार के अनुरूप समान अवसर नीति का प्रकाशन करेगा।

(2) समान अवसर नीति को स्थापन द्वारा अपनी वेबसाईट पर प्रदर्शित करने में अधिमानता दिया जायेगा, यदि वेबसाईट नहीं हो तो, वह अपने परिसर में सहजदृश्य स्थान पर उसे प्रदर्शित करेगा।

(3) बीस या उससे अधिक कर्मचारी रखने वाले शासकीय और निजी स्थापन की सामान अवसर नीति में अन्य बातों के साथ निम्नलिखित उपबंध भी अंतर्विष्ट होंगे, अर्थात्:–

(एक) दिव्यांगजन के लिए उपलब्ध करायी जाने वाली सुविधाएं और सेवाएं, जो उन्हें स्थापन में अपने कर्तव्यों का प्रभावी रूप से निर्वहन करने में समर्थ कर सके;

(दो) स्थापन में दिव्यांगजन के लिए समुचित पदों की सूची;

(तीन) दिव्यांगजनों को विभिन्न पदों पर चयन की रीति, नियुक्ति के पश्चात्/पूर्व प्रशिक्षण, पदोन्नति, स्थानांतरण, पद स्थापन, विशेष अवकाश, आवासों के आबंटन तथा अन्य सुविधाओं में वरीयता दी जायेगी;

(चार) नियुक्त किये गये दिव्यांगजनों की देखभाल के लिए, सहायक युक्तियों, बाधामुक्त पहुंच तथा अन्य उपबंधों का लाभ प्रदान करने हेतु समस्त स्थापन द्वारा नोडल अधिकारी नामांकित किया जायेगा;

(पांच) नोडल अधिकारी ऐसे कर्मचारियों के लिए सुविधाओं और सेवाओं की जांच करेगा।

(4) बीस से कम कर्मचारियों वाले निजी स्थापन द्वारा समान अवसर नीति के अधीन दिव्यांगजन को प्रदान की जाने वाली सुविधाएं और सेवाएं अंतर्विष्ट की जायेंगी ताकि वे, स्थापन में अपने कर्तव्यों का प्रभावी रूप से निर्वहन करने में समर्थ हो सके।

(5) प्रत्येक स्थापन, प्रतिवर्ष प्राप्त होने वाले शिकायत के निराकरण तथा लंबित शिकायतों आदि की जानकारी, नोडल अधिकारी राज्य आयुक्त दिव्यांगजन को उपलब्ध कराएगा।

19. **स्थापन द्वारा अभिलेखों के संधारण की रीति.–** (1) प्रत्येक स्थापन, हार्ड और सॉफ्ट प्रतियों में अभिलेखों का संधारण करेगा, जिसमें रजिस्टर के रूप में या कम्प्यूटर या टैब या किसी अन्य इलेक्ट्रानिक प्ररूप में या किसी भी प्रकार की लिखित सूचना सम्मिलित है, चाहे वह साधारण या मशीनी भाषा में अभिव्यक्त हो और ऐसे अन्य दस्तावेजों का भी संधारण करेगा, जो इन नियमों के प्रयोजनों के लिए उपयोगी हो सकते हों।

(2) प्रत्येक स्थापन निम्नलिखित विशिष्टियों को अंतर्विष्ट करने वाले अभिलेख संधारित करेगा, जिसे प्रत्येक वर्ष माह–जनवरी में समाज कल्याण विभाग को उपलब्ध कराएगा, अर्थात्:–

(एक) दिव्यांगजन की संख्या, जो नियोजित है तथा वह दिनांक, जिससे वे नियोजित हैं;

(दो) ऐसे नियोजित व्यक्तियों के नाम, लिंग, पदनाम, श्रेणी और पता;

(तीन) ऐसे नियोजित व्यक्तियों की दिव्यांगता के प्रकार, (दिव्यांगजन के लिए विशिष्ट पहचान–पत्र संख्या सहित);

(चार) ऐसे नियोजित दिव्यांगजन द्वारा किए जाने वाले कार्य की प्रकृति;

(पांच) ऐसे दिव्यांगजन को उपलब्ध कराई जाने वाली विशिष्ट सुविधाएं।

(3) प्रत्येक स्थापन, प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा यथा अपेक्षित किये गये अभिलेखों का सत्यापन करेगी।

20. **अभिलेखों का निरीक्षण.–** (1) प्रत्येक स्थापन समाज कल्याण विभाग, श्रम विभाग एवं कलेक्टर द्वारा नामांकित प्रतिनिधि द्वारा मांग किए जाने पर इन नियमों के अधीन रखे गए अभिलेखों को निरीक्षण के लिए, इस अधिनियम के अधीन नियुक्त प्राधिकारियों को उपलब्ध कराएगा तथा ऐसी सूचना प्रदान करेगा, जो यह जानने के प्रयोजन के लिए अपेक्षित हो कि, क्या उपबंधों का अनुपालन किया जा रहा है या नहीं।

(2) यदि निरीक्षण के समय यह प्रतीत होता है कि संबंधित विभाग द्वारा अधिनियम के उपबंधों का अनुपालन नहीं किया जा रहा है तो, जांचकर्ता प्राधिकारी, जिला स्तर पर कलेक्टर तथा राज्य स्तर पर संबंधित विभाग को जांच के समय पायी गई कमियों का पालन कराये जाने हेतु लिखित में सूचित करेगा।

21. **शिकायत प्रतितोष अधिकारी की नियुक्ति.–** (1) प्रत्येक शासकीय स्थापन, राजपत्रित अधिकारी की श्रेणी से अनिम्न के अधिकारी को ''शिकायत प्रतितोष अधिकारी'' के रूप में, इस नियम के प्रारंभ होने के छः माह के अन्दर, नियुक्त करेगा।

(2) शिकायत प्रतितोष अधिकारी द्वारा प्राप्त शिकायत का निराकरण 90 दिवस के भीतर किया जायेगा, शिकायत का निराकरण नही करने की स्थिति में कारण बताया जाएगा तथा प्राप्त शिकायतों के अद्यतन जानकारी, राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन को देगा।

(3) शिकायत प्रतितोष अधिकारी की नियुक्ति तथा शिकायत प्रतितोष अधिकारी को प्राप्त शिकायत तथा शिकायत के निराकरण की जानकारी, राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन को देगा।

(4) समस्त विभाग, नियुक्त/नामांकित शिकायत प्रतितोष अधिकारी की जानकारी अपनी वेबसाईट पर प्रदर्शित करेगा, यदि वेबसाईट नही हो तो, वह अपने परिसर में सहजदृश्य स्थान पर उसे प्रदर्शित करेगा।

(5) इस प्रयोजन के लिए शिकायत प्रतितोष अधिकारी शिकायतों का एक रजिस्टर रखेगा, जिसमें निम्नलिखित प्रविष्टियां अन्तर्विष्ट होंगीः—

(एक) शिकायत दर्ज करने का दिनांक;
(दो) शिकायतकर्ता का नाम;
(तीन) उस व्यक्ति का नाम, जो शिकायत की जांच कर रहा है;
(चार) घटना का स्थान;
(पांच) स्थापन/संगठन या व्यक्ति का नाम, जिसके विरूद्ध शिकायत की गई है;
(छः) शिकायत का सारांश;
(सात) अभिलेखीय साक्ष्य, यदि कोई हो;
(आठ) शिकायत प्रतितोष अधिकारी द्वारा निराकरण का दिनांक;
(नौ) जिला स्तरीय समिति द्वारा अपील के निराकरण का संक्षिप्त विवरण;
(दस) कोई अन्य सूचना।

(6) यदि शिकायत पर, ''शिकायत प्रतितोष अधिकारी'' द्वारा की गई कार्यवाही से, समाधान नहीं होता है, तो वह दिव्यांगता पर गठित जिला स्तरीय समिति के समक्ष अपील कर सकता है, जो कि निम्नांनुसार होगी :—

(एक)	कलेक्टर द्वारा नामांकित प्रतिनिधि	— अध्यक्ष
(दो)	सहायक आयुक्त अथवा श्रम अधिकारी श्रम विभाग	— सदस्य
(तीन)	संयुक्त/उप/सहायक संचालक, समाज कल्याण विभाग	— सदस्य—सचिव

अध्याय—पांच
सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं पुनर्वास

22. **सामाजिक सुरक्षा.**— राज्य शासन द्वारा संचालित समस्त योजनाओं/कार्यक्रमों से दिव्यांगजनों को लाभान्वित करने हेतु समय—समय पर जारी दिशा निर्देशों का पालन किया जायेगा।

23. **स्वास्थ्य देख रेख.**— (1) लोक स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय चिकित्सालयों में दिव्यांगजन का निःशुल्क स्वास्थ्य उपचार,

डायग्नोसिस, थैरेपी एवं दिव्यांगजन को पृथक पंक्ति की सुविधा प्रदान करने हेतु दिशा–निर्देश बनाकर, 06 माह के अन्दर अधिसूचित किया जायेगा।

(2) राज्य के समस्त शासकीय चिकित्सालयों में बाधारहित वातावरण हेतु प्रत्येक पहलु की संसूचना प्रदर्शित किया जायेगा।

(3) सभी निजी चिकित्सालयों को छत्तीसगढ़ नर्सिंग होम एक्ट, 2015 के अन्तर्गत लायसेंस देने से पहले, उप–नियम (2) में यथा विहित बाधारहित सुविधाओं का होना अनिवार्य होगा। जिला स्तर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, नोडल अधिकारी होंगे।

(4) संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं संचालनालय की अध्यक्षता में दिव्यांगजन के सर्वेक्षण, शोध कार्य पर चर्चा के पश्चात् क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु निम्नांकित समिति का गठन किया जायेगा :–

(एक)	संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं, संचालनालय	–	अध्यक्ष
(दो)	विभागाध्यक्ष, सामुदायिक स्वास्थ्य, पं. जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, रायपुर (छत्तीसगढ़)	–	सदस्य
(तीन)	अपर संचालक, समाज कल्याण संचालनालय	–	सदस्य
(चार)	उप संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं	–	सदस्य –सचिव

उक्त समिति में, अतिरिक्त विषय विशेषज्ञ को सदस्य के रूप में मनोनीत करने के लिए संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं/संचालक, समाज कल्याण से अनुरोध किया जा सकता है।

(5) लोक स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, दिव्यांगों की समुचित थैरेपी हेतु जिला मुख्यालय या अवश्यकता होने पर जनपद पंचायत मुख्यालय में समस्त व्यवस्था करेगी, इस नियम के प्रारंभ होने के दो वर्ष के अन्दर उक्त व्यवस्था अनिवार्य होगी।

(6) वामपंथ अतिवाद प्रभावित क्षेत्रों के दिव्यांगों (चालीस प्रतिशत/चालीस प्रतिशत से अधिक) के पुनर्वास हेतु समाज कल्याण विभाग द्वारा योजना बनाया जायेगा।

(7) लोक स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग वार्षिक/प्रशासकीय प्रतिवेदन में दिव्यांग व्यक्तियों को दिव्यांगता के आधार पर सर्वे, चिकित्सा प्रमाणपत्र (यू.डी.आई.डी. कार्ड सहित), प्रदाय की गई सुविधा की संख्या, प्रतिवर्ष प्रदर्शित की जायेगी।

24. **पुनर्वास.**– राज्य शासन के समस्त विभाग द्वारा संचालित योजना/कार्यक्रमों में दिव्यांग व्यक्तियों के पुनर्वास से संबंधित विशेष प्रावधान करते हुए, विभागीय वार्षिक/ प्रशासकीय प्रतिवेदन में दिव्यांग व्यक्तियों को दिव्यांगतावार प्रदाय की गई सुविधा की संख्या, प्रतिवर्ष प्रदर्शित की जायेगी।

25. **अनुसंधान एवं विकास.**– राज्य शासन, राज्य स्तर पर दिव्यांग व्यक्तियों के जीवन को सुगम्य, सरल और स्वावलम्बी बनाने के लिये निम्नांकित समिति गठित करेगाः–

(1)	संचालक, समाज कल्याण, संचालनालय	–	अध्यक्ष
(2)	संचालक, पंचायत संचालनालय	–	सदस्य
(3)	संचालक, नगरीय प्रशासन	–	सदस्य
(4)	संचालक, उच्च शिक्षा संचालनालय	–	सदस्य
(5)	संचालक, तकनीकी शिक्षा, रोजगार एवं प्रशिक्षण	–	सदस्य
(6)	संयुक्त संचालक, राज्य संसाधन एवं पुनर्वास केन्द्र	–	सदस्य–सचिव

उक्त समिति में अतिरिक्त विषय विशेषज्ञ सदस्य को संचालक, समाज कल्याण संचालनालय के अनुरोध पर सम्मिलित किया जायेगा।

अध्याय–छः
बैंचमार्क दिव्यांग व्यक्तियों के लिए विशेष उपबंध

26. आरक्षण के लिये पदों की पहचान.– (1) छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, विभिन्न सरकारी स्थापनाओं में दिव्यांग व्यक्तियों के अनुरूप पदों का चिन्हांकन करने हेतु समिति का गठन करेगा, यह समिति, समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुरूप एक वर्ष के भीतर पदों की विभागवार एवं पदवार पहचान करेगी।

(2) उक्त समिति, तीन वर्ष के भीतर चिन्हांकित किये गये पदों का मूल्यांकन भी करेगी।

27. रोजगार हेतु आरक्षण.– (1) प्रत्येक सरकारी स्थापन में दिव्यांगजनों के नियोजन हेतु छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुसार आरक्षण रहेगा, यह आरक्षण, अधिनियम में दर्शाये गए प्रतिशत से कम नहीं होगा। आरक्षण निम्नलिखित प्रवर्गों के लिए रहेगा :–

(एक) दृष्टिबाधित और कमदृष्टि;
(दो) बहरे और कम सुनने वाले;.
(तीन) लोकोमोटर डिसेबिलिटी, जिसमें सम्मिलित है सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित, मस्क्युलर डिस्ट्राफी;
(चार) ऑटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमारी;
(पांच) खंड (एक) से (चार) के तहत व्यक्तियों की बहुदिव्यांगता।

(2) छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के लिए विभिन्न विभागों को विस्तृत अनुदेश जारी करेगा।

28. रिक्तियों की संगणना.– (1) रिक्तियों की संगणना के प्रयोजन के लिए, पदों के प्रत्येक समूह में कैडर संख्या में कुल रिक्तियों को छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी अनुदेशों के अनुसार, बैंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के लिए गणना में लिया जाएगा।

(2) अधिनियम की धारा 34 के उपबंधों के अनुसार बैंचमार्क दिव्यांगता का प्रकार नियम 27 के उप–नियम (1) के अनुसार होगा।

(3) प्रत्येक शासकीय स्थापन/संस्था, दिव्यांगजन के लिए कैडर संख्या में रिक्तियों की संगणना करने के प्रयोजनों के लिए छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी अनुदेशों के अनुसार एक रिक्ति आधारित रोस्टर रखेगा।

(4) रिक्तियों की पूर्ति के लिए विज्ञापन जारी करते समय प्रत्येक शासकीय स्थापन प्रत्येक वर्ग के व्यक्तियों के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या के साथ अधिनियम की धारा 34 के उपबंधों के अनुसार बैंचमार्क दिव्यांगताओं को उपदर्शित करेगा, साथ ही विज्ञापन प्रसारण तथा पदपूर्ति की अद्यतन जानकारी नोडल विभाग (समाज कल्याण विभाग) को निर्धारित प्ररूप में उपलब्ध कराएगा।

(5) अधिनियम की धारा 4 के उपबंधों के अन्तर्गत दिव्यांगजन के लिए आरक्षण समस्तर (होरिजेण्टल) और प्रभागवार (कम्पार्टमेंटवाइज) होगा, बैंचमार्क दिव्यांगजनों के लिए रिक्तियों को पृथक वर्ग के रूप में अनुरक्षित किया जाएगा।

(6) छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के लिये समस्त विभागों को विस्तृत अनुदेश जारी करेगा।

(7) नियम 26, 27 एवं 28 के प्रावधानों के अन्तर्गत कार्यवाही करने के लिए सामान्य प्रशासन विभाग नोडल विभाग होगा, जो प्रतिवर्ष कार्यों का मूल्यांकन एवं पर्यवेक्षण करेगा, राज्य शासन के समस्त विभागों/उपक्रमों/निगम/मण्डल द्वारा अपनी वार्षिक/ प्रशासकीय प्रतिवेदन में दिव्यांगजनों को शासकीय सेवा में नियुक्ति की पदवार संख्या, प्रतिवर्ष प्रदर्शित की जाएगी।

29. **रिक्तियों का अंतर–परितर्वन.–** (1) शासकीय स्थापन, अधिनियम की धारा 34 के उपबंधों के अन्तर्गत रिक्तियों का अंतर–परिवर्तन केवल तब करेगा, जब नियुक्ति की संपूर्ण प्रक्रिया जैसे बैंचमार्क दिव्यांग व्यक्तियों के लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए विज्ञापन जारी करने का अनुसरण किया गया है और जब नियुक्ति की सम्यक् प्रक्रिया का अनुसरण करने के पश्चात्, पद के लिए कोई दिव्यांगजन न हो।

(2) ऐसी स्थिति में, छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देश पर एवं इस सम्बन्ध में गठित समिति के माध्यम से ही, रिक्तियों का अन्तर–परिवर्तन किया जा सकेगा।

30. **विवरणियों का प्रस्तुत किया जाना.–** (1) प्रत्येक शासकीय स्थापन, स्थानीय रोजगार कार्यालय को कर्मचारी की विवरणी प्ररूप–एक में 01 अप्रैल से 31 मार्च के लिए छः मास में एक बार तथा प्ररूप–दो में प्रत्येक दो वर्ष में एक बार विवरणियां प्रस्तुत करेगा।

(2) छः माही विवरणी को सम्बन्धित दिनांक से 30 दिन के भीतर अर्थात् प्रत्येक वित्तीय वर्ष की 31 मार्च और 30 सितम्बर को प्रस्तुत की जायेगी।

(3) द्विवार्षिक विवरणी को प्रत्येक एकांतर वित्तीय वर्ष की समाप्ति से 30 दिन के भीतर प्रस्तुत की जायेगी।

31. **नियोक्ता द्वारा अभिलेख को रखे जाने का प्ररूप.**– प्रत्येक शासकीय स्थापन/संस्था का नियोक्ता, प्ररूप– तीन में दिव्यांग कर्मचारियों के अभिलेख रखेगा।

32. **निजी क्षेत्र में नियोजको को प्रोत्साहन.**– शासन के समस्त विभाग से प्राधिकृत निजी क्षेत्रों के नियोजकों, जिन्होंने कुल मानव संसाधनों में से कम से कम पांच प्रतिशत तक दिव्यांगों का नियोजन किया है, को प्रोत्साहन (इन्सेन्टिव) देने के लिये एक वर्ष के भीतर कार्य योजना बनाकर, अनुदेश जारी करेगा।

33. **विशेष रोजगार कार्यालय.**– अधिनियम की धारा 36 के अधीन विशेष रोजगार कार्यालय, जिनको रिक्तियां अधिसूचित की जानी है –

(1) राज्य शासन के अधीन स्थापन/संस्थाओं में तकनीकी और वैज्ञानिक स्वरूप के पदों की ऐसी रिक्तियां, जो अधिनियम के अधीन हैं, उन्हें विशेष रोजगार कार्यालय द्वारा राजपत्र में अधिसूचित किया जाएगा।

(2) उप–नियम (1) में विनिर्दिष्ट रिक्तियों से भिन्न रिक्तियां सम्बन्धित स्थानीय विशेष रोजगार कार्यालयो में अधिसूचित की जायेगी।

(3) जिला अन्तर्गत संचालित जिला रोजगार कार्यालय ऐसे दिव्यांग व्यक्तियों, जो बेरोजगार है तथा रोजगार हेतु प्रयासरत है, के समस्त अभिलेख कार्यालय में रखेंगे तथा ऐसे दिव्यांगजन के लिए विशेष रूप से कार्यालय में किसी एक अधिकारी/कर्मचारी को नोडल अधिकारी नियुक्त करेगा।

(4) नियम 33 के उप–नियम (1), (2) एवं (3) के अन्तर्गत कार्यवाही के लिए कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग नोडल विभाग होगा।

अध्याय–सात
अधिक सहायता की आवश्यकता वाले दिव्यांग व्यक्तियों के लिए विशेष उपबंध

34. **अधिक सहायता वाले दिव्यांग व्यक्तियों के लिये विशेष प्रबंध.**– (1) अधिनियम की धारा 38 की उप–धारा (1) के अधीन ऐसे दिव्यांग व्यक्तियों को, जो स्वयं को अधिक सहायता की आवश्यकता वाले समझते हों, ऐसे दिव्यांग व्यक्तियों को अधिक सहायता प्रदान करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग द्वारा संयुक्त/उप संचालक, जिला कार्यालय समाज कल्याण, छत्तीसगढ़ को प्राधिकारी अधिसूचित किया जायेगा।

(2) अधिनियम की धारा 38 की उप–धारा (2) के अधीन संयुक्त/उप संचालक, जिला कार्यालय समाज कल्याण विभाग द्वारा चिन्हित ऐसे दिव्यांग व्यक्ति, जो अधिक सहायता की आवश्यकता वाले हों, ऐसे विशेष प्रकरणों की प्रकृति

को प्रमाणित करने के लिए जिला स्तर पर निर्धारण बोर्ड का गठन निम्नानुसार किया जायेगा :–

(एक)	कलेक्टर या प्रतिनिधि (अतिरिक्त / संयुक्त कलेक्टर से अन्यून)	– अध्यक्ष
(दो)	मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी	– सदस्य
(तीन)	संयुक्त / उप संचालक, समाज कल्याण	– सदस्य–सचिव
(चार)	सामाजिक कार्यकर्ता अथवा मनोवैज्ञानिक	– सदस्य

उपरोक्त उल्लिखित प्रतिनिधियों में से कम से कम एक प्रतिनिधि महिला होगी। प्रकरण का निराकरण 60 दिवस के भीतर किया जायेगा।

(3) नियम 38 के उप–नियम (2) के अधीन गठित निर्धारण बोर्ड द्वारा पारित निर्णय के विरूद्ध अपील हेतु संभाग स्तर पर अपील बोर्ड का गठन निम्नानुसार किया जायेगा :–

(एक)	संभागीय आयुक्त या उनका प्रतिनिधि	– अध्यक्ष
(दो)	संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य विभाग	– सदस्य
(तीन)	संयुक्त / उप संचालक, समाज कल्याण	– सदस्य–सचिव
(चार)	सामाजिक कार्यकर्ता अथवा मनोवैज्ञानिक	– सदस्य

परन्तु उपरोक्त प्रतिनिधियों में से कम से कम एक प्रतिनिधि महिला होगी, खण्ड (दो) एवं (तीन) हेतु संभाग मुख्यालय के जिला अधिकारी ही नामांकित होंगे, अपील का निराकरण 30 दिवस के भीतर किया जायेगा।

(4) वित्तीय एवं अन्य संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर संयुक्त / उप संचालक जिला कार्यालय समाज कल्याण, अधिक सहायता की आवश्यकता वाले दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुविधा उपलब्ध करायेंगे।

(5) अधिक सहायता की आवश्यकता वाले दिव्यांग व्यक्तियों के लिए उपलब्ध सुविधायें, निर्धारण बोर्ड की अनुशंसा के आधार पर ही प्रदान की जायेगी।

अध्याय–आठ
समुचित सरकारों के कर्तव्य और उत्तरदायित्व

35. **जागरूकता अभियान.**– (1) अधिनियम की धारा 39 के अधीन छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों की सुरक्षा, संरक्षण तथा संवर्धन हेतु जागरूकता अभियान संचालन के लिये समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार प्राधिकारी अधिसूचित किये जायेंगे।

(2) राज्य शासन, जागरूकता अभियान संचालन के लिये, आवश्यकतानुसार, निधि का पर्याप्त आबंटन उपलब्ध करायेगा।

36. **सुगम्यता का निर्माण.**– प्रत्येक स्थापन निम्नलिखित मानकों का अनुपालन करेगा :– केन्द्र / राज्य शासन, सुगम्यता हेतु समय–समय पर भौतिक पर्यावरण, परिवहन और सूचना तथा संचार प्रौद्योगिकी के संबंध में दिशा निर्देश जारी करेगा, जैसे :–

(एक) भारत सरकार, शहरी विकास मंत्रालय द्वारा मार्च 2016 में अधिसूचित लोक भवन मानक जैसे, ''हारमोनाइज्ड गाईडलाइन्स एण्ड स्पेस स्टैण्डर्स फॉर पर्सन्स विद डिसेबिल्टीज एण्ड एल्डरली पर्सन्स'';

(दो) भारत सरकार, सड़क और राजमार्ग परिवहन, मंत्रालय द्वारा जारी विशिष्ट पब्लिक बस परिवहन बाडी कोड जैसे अधिसूचना सं. सा.का. नि. 895 (अ) दिनांक 20 सितम्बर, 2016 में;

(तीन) भारतीय भवन निर्माण संहिता, 2016, यथा संशोधित या समय–समय पर जारी;

(चार) सूचना और संचार प्रौद्योगिकीः–

(क) प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग, भारत सरकार, द्वारा यथा अंगीकृत भारत सरकार की वेबसाईट के मार्गदर्शक सिद्धांत;

(ख) वेबसाईट पर रखे जाने वाले दस्तावेज निर्धारित फार्मेट जैसे, ePUB या OCR आधारित PDF फार्मेट में होंगे;

(ग) वेब सामग्री पहुंच मार्गदर्शक सिद्धांत जैसे (WCAG) 2.0;

(घ) भारत सरकार की वेबसाईट के लिए दिशा–निर्देश;

किन्तु अन्य सेवाओं और प्रसुविधाओं के सम्बन्ध में पहुंच मानकों को भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा संचालित सुगम्य भारत अभियान के दिशा–निर्देशों के अनुरूप किया जायेगा।

37. **सुगम्य मानकों का पुनर्विलोकन.**– भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा समय–समय पर सम्बन्धित सुगम्य मानकों की नवीनतम वैज्ञानिक जानकारी और प्रौद्योगिकी के आधार पर पुनर्विलोकन करेगी। इसका अनुसरण राज्य शासन के समस्त विभाग द्वारा किया जायेगा।

38. **विद्यमान अवसंरचना और सुगम्य परिसर बनाने के लिए समय–सीमा तथा उस प्रयोजन के लिए कार्यवाही.**– (1) भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित सुगम्य भारत अभियान अन्तर्गत प्रसारित निर्देश तथा अधिनियम की धारा 45 की उप–धारा (1) के अधीन राज्य के समस्त शासकीय एवं सार्वजनिक भवनों (परिसरों) को दिव्यांगजनों हेतु बाधारहित किया जाये।

(2) निजी एवं सार्वजनिक स्थलों पर भी सुगम्यता हेतु ग्रामीण/नगरीय निकाय/प्राधिकरण के संबंधित विभाग आवश्यक कार्यवाही करेंगे।

(3) विभिन्न विभागों में उपलब्ध संसाधनों के आधार पर, सुगम्यता हेतु अधिकतम समय सीमा 10 वर्ष होगी, नोडल विभाग के अनुमोदन से, प्रकरणवार समय–सीमा में वृद्धि की जा सकती है तथा निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करेंगे।

(4) 90 दिवस में कार्य योजना तैयार कर आयुक्त, दिव्यांगजन छत्तीसगढ़ तथा सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग को उपलब्ध कराते हुए, अपनी विभागीय वेबसाईट पर प्रदर्शित करेगा, यदि वेबसाईट नहीं है तो वे अपने परिसर में सहजदृश्य स्थान पर उसे प्रदर्शित करेंगे।

(5) सभी निर्माण, परिवहन, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग/एजेंसी सुगम्य अंकेक्षण का समुचित दल तैयार करेगा और उस दल के माध्यम से सुगम्यता अंकेक्षण और पूर्ण अंकेक्षण करायेगा।

(6) संबंधित विभाग के भवन, सड़क, वेबसाईट, निर्माण एजेंसी, परिवहन साधन एवं परिवहन व्यवस्था निर्माण एजेंसियों के लिए अनुमति तथा इस तरह की अन्य को अनुमति प्रदान करने के दौरान, स्वीकृतकर्ता प्राधिकारी, सुगम्यता को, अनुमति में सम्मिलित करेगी।

(7) खण्ड (6) का पालन सुनिश्चित कराने के लिए जांच सूची बनाई जायेगी, पालन न किये जाने पर अथवा उल्लंघन किये जाने पर, आवश्यक शास्ति एवं दण्ड का प्रावधान करेगा।

39. **सेवा प्रदाताओं द्वारा सुगम्यता के लिए समय–सीमा.**– अधिनियम की धारा 46 के अधीन राज्य शासन के सभी विभाग, सुगम्यता सुनिश्चित करने के लिये आगामी 02 वर्ष के भीतर नियम बनाएंगे, छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग से उचित कारण दर्शाते हुए अवधि में वृद्धि कराई जा सकती है।

40. **मानव संसाधन विकास.**– (1) संबंधित विभाग, नियम प्रवृत्त होने के 06 माह के भीतर पंचायती राज सदस्यों, विधायकों, प्रशासकों, पुलिस पदाधारियों, न्यायाधीशों, वकीलों तथा अन्य व्यवसायियों के प्रशिक्षण के लिये सभी पाठ्यक्रमों में दिव्यांगजनों के अधिकारों पर आज्ञापक प्रशिक्षण प्रारंभ करेंगे।

(2) संबंधित विभाग, नियम के प्रारंभ होने के 02 वर्ष के भीतर विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों, अध्यापकों, चिकित्सकों, नर्सों, पैरामेडिकल कार्मिक, समाज कल्याण विभाग के मानव संसाधन, ग्रामीण विकास अधिकारियों, मितानिन कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी तथा अन्य शैक्षणिक एवं व्यवसायिक कार्यकर्ताओं के लिये सभी शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में दिव्यांगता संबंधी विषय को सम्मिलित करेंगे।

(3) समस्त विभाग, नियम के प्रारंभ होने के 01 वर्ष के भीतर स्वतंत्र जीवन में प्रशिक्षण और परिवारों के लिये सामुदायिक संबंधों, समुदाय के सदस्यों, अन्य अंशधारकों तथा सहायता एवं देख–रेख प्रदाता सहित क्षमता निर्माण कार्यक्रम आरंभ करेंगे।

(4) समस्त विभाग, नियम के प्रारंभ होने के 01 वर्ष के भीतर पारस्परिक योगदान और आदर पर समुदायिक संबंधो का निर्माण करने के लिये दिव्यांग व्यक्तियों के लिये स्वतंत्र प्रशिक्षण सुनिश्चित करेंगे।

(5) छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, नियम के प्रारंभ होने के 02 वर्ष के भीतर क्रीड़ा, खेलकूद, रोमांचकारी गतिविधियों पर ध्यान देने के साथ क्रीड़ा अध्यापकों के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन करेंगे।

41. **क्रियान्वयन समिति.**– (1) अधिनियम की धारा 47 की उप–धारा (3) में कथित बाध्यता के अतिरिक्त, क्रियान्वयन की समीक्षा राज्य स्तर पर किये जाने हेतु, निम्नांकित राज्य स्तरीय क्रियान्वयन समिति का गठन किया जायेगा :–

(एक)	सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग	– अध्यक्ष
(दो)	आयुक्त, दिव्यांगजन छत्तीसगढ़	– सदस्य
(तीन)	संचालक, समाज कल्याण संचालनालय	– सदस्य
(चार)	प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम	– सदस्य
(पांच)	संयुक्त संचालक, राज्य संसाधन एवं पुनर्वास केन्द्र	– सदस्य–सचिव

उक्त समिति में, अतिरिक्त विषय विशेषज्ञ अथवा विशेष आमंत्रित सदस्य को अध्यक्ष के अनुरोध पर सम्मिलित किया जा सकेगा।

(2) विशेष आमंत्रित विषय विशेषज्ञ, अशासकीय सदस्य को छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुसार बैठक, यात्रा और अन्य के लिए भत्ता दिया जायेगा, जिसका भुगतान राज्य निराश्रित निधि/अधिनियम की धारा 88 एवं इन नियमों के नियम 98 के अधीन जारी निर्देशों के अनुसार किया जायेगा।

(3) **क्रियान्वयन समिति के दायित्व** :–

(एक) दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के क्रियान्वयन, मूल्यांकन एवं पर्यवेक्षण की कार्यवाही सुनिश्चित करना;

(दो) दिव्यांगजनों हेतु प्रचार–प्रसार, संवेदनशीलता हेतु वातावरण निर्माण आदि के लिये उचित कार्यवाही करना;

(तीन) दिव्यांगजनों हेतु नवीन कल्याणकारी योजना/कार्यक्रमों के निर्देशों के क्रियान्वयन हेतु कार्यवाही करना;

(चार) उक्त कार्यवाहियों हेतु राशि की उपलब्धता हेतु प्रयास करना।

(4) यदि समिति को सम्बंधित व्यक्ति, विभाग, एजेंसी तथा संगठन से क्रियान्वयन में कमियों के संबंध में प्रतिवेदन प्राप्त होता है तो 3 माह के अंदर संबंधित द्वारा यह कार्य योजना प्रस्तुत की जायेगी कि इन कमियों की पूर्ति हेतु कितना समय लगेगा।

(5) क्रियान्वयन में कमियों के संबंध में प्राप्त प्रतिवेदन तथा कमियों को पूर्ति करने में लगने वाले समय की जानकारी, विभागीय/संस्थागत वेबसाईट में प्रदर्शित किया जाएगा, यदि वेबसाईट नहीं है तो, कार्यालय परिसर में सहजदृश्य स्थान पर उसे प्रदर्शित किया जायेगा।

42. **सामाजिक अंकेक्षण.**— समस्त विभागों द्वारा दिव्यांगजन हेतु संचालित किये जा रहे योजना/कार्यक्रमों का अंकेक्षण, छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा अधिकृत व्यक्ति/संस्था/संगठन/विशेषज्ञों के द्वारा किया जायेगा, जिसका व्यय भार संबंधित विभाग वहन करेगा।

अध्याय—नौ
दिव्यांग व्यक्तियों के लिये संस्थाओं का पंजीयन और ऐसी संस्थाओं को अनुदान

43. **सक्षम प्राधिकारी.**— अधिनियम की धारा 51 की उप—धारा (1) के प्रयोजन हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नामांकित अधिकारी, अधिनियम की धारा 50 के अंतर्गत स्थापित की जाने वाली संस्थाओं के पंजीयन के प्रयोजन के लिए सक्षम प्राधिकारी होंगे।

44. **अशासकीय संस्थाओं की मान्यता.**— (1) दिव्यांगजन के लिये संस्थागत शिक्षण प्रशिक्षण, देखरेख एवं अन्य सेवाएं संचालित करने वाली सभी संस्थाएं, चाहे वे राज्य सरकार या स्वैच्छिक संगठन द्वारा चलाई जा रही हो, को अधिनियम की धारा 50 के अधीन पंजीकृत किया जाएगा, चाहे वे संस्थाएं तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य अधिनियम के अधीन पंजीकृत या अनुज्ञप्ति प्राप्त होः

परंतु मानसिक रूप से रूग्ण व्यक्तियों की देखरेख के लिये कोई संस्था, जो मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम, 2017 की धारा 80 या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य अधिनियम के अधीन विधिमान्य अनुज्ञप्ति धारित करती है, उसे अधिनियम के अधीन पंजीकृत किये जाने की आवश्यकता नहीं है, किन्तु सूचना दी जानी होगी।

(2) संबंधित अशासकीय स्वैच्छिक संस्था, निर्धारित प्ररूप में संबंधित जिले के संयुक्त /उप संचालक, जिला कार्यालय समाज कल्याण विभाग को आवेदन करेंगे।

(3) आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करने होंगेः—

(एक) दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने के अभिलेखीय साक्ष्य;
(दो) संस्थाओं को शासित करने वाला संविधान, उप—विधियां एवं विनियम आदि;
(तीन) विगत 03 वर्षों का वार्षिक प्रतिवेदन एवं उसका सक्षम प्राधिकारी को प्रस्तुतिकरण का प्रमाण एवं विवरण आदि;
(चार) चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट द्वारा परीक्षित अंकेक्षण प्रतिवेदन, अंकेक्षण में आक्षेपित कमियों को सुधार करने का प्रतिवेदन पर की गई कार्यवाही का विवरण तथा विगत 03 वर्षों में प्राप्त अनुदान;
(पांच) संस्था में नियोजित व्यक्तियों के नाम, उनकी शैक्षणिक अर्हता एवं उनकी कुल संख्या तथा उनके अपने—अपने कर्तव्यों और उनको संदत्त किए जा रहे मानदेय के बारे में जानकारी;

(छः) संस्था में नियोजित विशेषज्ञों की संख्या, उनके नाम तथा उनकी शैक्षणिक अर्हताएं एवं अर्हता संबंधी जानकारी;

(सात) पूर्व में दोषसिद्ध के अभिलेख या किसी अनैतिक कार्य में संलिप्तता के विषय में घोषणा पत्र संस्था द्वारा सक्षम प्राधिकारी को प्रस्तुत किये जायेंगे और यह भी कि उन्हें केन्द्रीय या राज्य सरकार द्वारा काली सूची में नहीं रखा गया है;

(आठ) आवेदक के निवास संबंधी प्रमाण, उसका पता, ई–मेल, दूरभाष, मोबाइल नम्बर तथा संस्था की वेबसाईट के बारे में जानकारी;

(नौ) विभाग द्वारा अपेक्षित अन्य दस्तावेज ।

(4) प्रत्येक संस्था, जिसने उप–नियम (1) के अधीन आवेदन किया है, संस्था के संबंध में निम्नलिखित आवश्यकताओं की पूर्ति करेगीः–

(एक) आवेदन प्रस्तुत करने के तत्काल पूर्व संस्था, 3 वर्ष से अधिक समय से दिव्यांग व्यक्तियो के पुनर्वास के क्षेत्र में कार्य कर रही है;

(दो) संस्था, सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 (1860 का सं. 21) या राज्य में तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन पंजीकृत है, और आवेदन के साथ ऐसे पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रति, संस्था की उप–विधि, और मेमोरेन्डम ऑफ एसोसिएशन की प्रति प्रस्तुत की जाएगी;

(तीन) संस्था, किसी व्यक्तिगत या निजी निकाय के हित के लिए संचालित नहीं है;

(चार) दिव्यांगजनों को भोजन देने और अन्य विशेष आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संस्था में भारतीय पुनर्वास परिषद् से पंजीकृत पेशेवरों को नियुक्त किया हो;

(पांच) संस्था में दिव्यांगजनों के लिये पर्याप्त शिक्षण, ज्ञानार्जन एवं सीखने की अन्य सामग्री उपलब्ध है;

(छः) संस्था ने अपने संपरीक्षित लेखों और वार्षिक प्रतिवेदन, सक्षम प्राधिकारी को प्रस्तुत कर दिया है तथा उसको सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किये जाने का प्रमाण, एवं अंकेक्षण में आक्षेपित कमियों को दूर करने हेतु की गई कार्यवाही का विवरण;

(सात) सुगम्य वातावरण सहित भौतिक अधोसंरचना, समावेशी शिक्षा, रोजगार, सामाजिक प्रास्थिति, जल, विद्युत, स्वच्छता, साफ–सफाई एवं मनोरंजन सुविधाओं के ब्यौरे/विशिष्टियां;

(आठ) संस्था या आश्रय गृह चलाने का नियंत्रक निकाय का संकल्प;

(नौ) नए आवेदकों के प्रकरणों में दिव्यांगजनों को चिकित्सीय, व्यावसायिक, शैक्षणिक, परामर्श इत्यादि जैसी सेवाएं प्रदान करने की योजना और मौजूदा संस्थाओं द्वारा प्रदान की जाने वाली इस प्रकार की सेवाओं का भी ब्यौरा;

(दस) सुरक्षा, संरक्षा और सुगम्य परिवहन की व्यवस्थाएं;

(ग्यारह) संगठन द्वारा चलाई जाने वाली अन्य सहायता सेवाओं का ब्यौरा;

(बारह) दिव्यांगजनों को आवश्यकता–आधारित सेवाएं प्रदान करने के लिये अन्य शासकीय, अशासकीय, कार्पोरेट और अन्य सामुदायिक एजेंसियों के साथ लिंकेज तथा नेटवर्क का ब्यौरा;

(तेरह) विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम के अधीन पंजीयन और उपलब्ध निधियों का ब्यौरा, यदि कोई हो;

(चौदह) ऐसे अन्य अधिनियम और नियमों (जैसे, किशोर न्याय अधिनियम, श्रम अधिनियम, राष्ट्रीय न्यास अधिनियम, मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम, माता–पिता भरण पोषण अधिनियम, नर्सिंग अधिनियम, अग्नि शमन सेवा अधिनियम, भारतीय पुनर्वास परिषद आदि के प्रावधान) के क्रियान्वयन के लिये एवं स्वच्छता के संबंध में समुचित कार्यवाही सक्षम प्राधिकारी द्वारा की जायेगी;

(पन्द्रह) राज्य सरकार द्वारा यथा विहित कोई अन्य मानदंड।

(5) संयुक्त/उप संचालक, जिला कार्यालय, समाज कल्याण, आवेदन की प्राप्ति पर 30 दिवस के भीतर संस्था के कार्यकलापों की जांच कर विस्तृत निरीक्षण प्रतिवेदन तैयार करेगा।

(6) खण्ड (5) की कार्यवाही के पश्चात् 20 दिवस के भीतर जिला कलेक्टर की अनुशंसा सहित, प्रस्ताव सक्षम प्राधिकारी को प्रस्तुत करेगा।

(7) प्रतिवेदन प्राप्ति के पश्चात् 40 दिवस के भीतर सक्षम प्राधिकारी सत्यापन और समाधान करने के बाद, अधिनियम की धारा 50 के उपबंधो के अधीन पंजीयन प्रमाणपत्र जारी करेगाः

परन्तु आवेदन प्राप्ति के पश्चात् निम्नांकित अनुसार 90 दिवसों के भीतर ही संस्था को पंजीयन प्रमाणपत्र जारी किया जाना अनिवार्य होगा :–

जिला कार्यालय, समाज कल्याण	जिला कलेक्टर	आयुक्त/संचालक समाज कल्याण द्वारा नामांकित अधिकारी
30 दिवस	20 दिवस	40 दिवस

(8) पंजीयन प्रमाणपत्र, जारी होने के दिनांक से 05 वर्ष के लिए विधिमान्य रहेगा, किन्तु स्वैच्छिक संस्था संयुक्त/उप संचालक, जिला कार्यालय, समाज कल्याण को प्रतिवर्ष किए गए कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत करेगा।

(9) पंजीयन प्रमाणपत्र के नवीनीकरण के लिए आवेदन, इसकी अवधि समाप्त होने के 90 दिवस पूर्व संयुक्त/उप संचालक, जिला कार्यालय, समाज कल्याण में करना होगा।

(10) संस्थाओं के पंजीयन प्रमाणपत्र के नवीनीकरण हेतु आवेदन प्राप्त होने पर, जिला कार्यालय द्वारा 30 दिवस में, जिला कलेक्टर द्वारा 20 दिवस में, तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा 40 दिवस में, नवीनीकरण पंजीयन प्रमाणपत्र जारी करना होगा।

(11) यदि संस्था, पंजीयन के नवीनीकरण की अवधि समाप्त होने से पहले पंजीयन के नवीकरण के लिए आवेदन नहीं करते है, तो वह संस्था, अधिनियम की धारा 50 के उपबंधो के अधीन पंजीकृत संस्था नहीं रह जाएगी तथा उसके हितग्राहियों आदि की आगामी व्यवस्था, संबंधित जिला कलेक्टर द्वारा ही की जायेगी।

(12) यदि निरीक्षण या वार्षिक समीक्षा से यह ज्ञात हो कि अधिनियम और इसके अधीन विहित नियमों में यथा निर्धारित शिक्षण–प्रशिक्षण, संरक्षण, पुनर्वास तथा पुनर्समेकन सेवाओं और संस्था के प्रबंधन के मानकों का अनुपालन असंतोषजनक है या सुविधाएं अपर्याप्त हैं, तो राज्य सरकार, संस्था के प्रबंधन की मान्यता को किसी भी समय समाप्त कर सकती है, ऐसी स्थिति में उसके हितग्राहियों की आगामी व्यवस्था, संबंधित जिला कलेक्टर द्वारा ही की जायेगी।

45. **पंजीयन प्रमाणपत्र जारी करने से इंकार करना.–** सक्षम अधिकारी, आवेदक को सुनवाई हेतु 15 दिवस का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात् प्रमाणपत्र देने से इंकार करते हुए एक ‘‘बोलता आदेश’’ पारित करेगा, ऐसे आदेश में ऐसे प्रमाणपत्र को देने से इंकार करने के विशिष्ट कारण अंतर्विष्ट होंगे और आवेदक को तद्नुसार पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट तथा ई–मेल से सूचित किया जाएगा।

46. **पंजीयन प्रमाणपत्र की विधिमान्यता.–** अधिनियम की धारा 50 के अधीन जारी किया गया पंजीयन प्रमाणपत्र, 5 वर्ष की कालावधि के लिए विधिमान्य रहेगा, जब तक कि उसे अधिनियम की धारा 52 के अधीन निरस्त न कर दिया गया हो।

47. **पंजीयन का प्रतिसंहरण .–** (1) अधिनियम की धारा 51 की उप–धारा (2) के अधीन स्वीकृत किये गये पंजीयन के प्रमाणपत्र को निरस्त करने के दौरान आवेदक को युक्तियुक्त अवसर देते हुए सक्षम प्राधिकारी/अधिकारी द्वारा नोटिस जारी किया जायेगा, नोटिस में पंजीयन को निरस्त करने के विशिष्ट कारण अंतर्विष्ट होंगे और आवेदक को तद्नुसार पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट तथा ई–मेल से सूचित किया जायेगा।

(2) अधिनियम की धारा 51 की उप–धारा (2) के अधीन पंजीकृत संस्था की मान्यता समाप्त होने पर मान्यता एवं अनुदान स्वतः समाप्त हो जाएगा, ऐसी स्थिति में उसके हितग्राहियों की आगामी व्यवस्था, संबंधित जिला कलेक्टर द्वारा की जायेगी।

48. **सक्षम प्राधिकारी/अधिकारी के आदेश के विरूद्ध अपील.–** सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजीयन प्रमाणपत्र देने से इंकार करने या पंजीयन प्रमाणपत्र को निरस्त करने के आदेश से व्यथित कोई व्यक्ति या संगठन, 30 कार्य दिवस के भीतर, ऐसे इंकार करने या निरस्त करने के विरूद्ध, सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग को अपील कर सकेगा, अपीलीय प्राधिकारी का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

49. **पंजीकृत संस्थाओं को सहायता.–** दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने हेतु पंजीकृत संस्थाओं को छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग, विभागीय मान्यता/अनुदान के नियम के अनुसार वित्तीय सहायता प्रदान करेगा ।

अध्याय–दस
विनिर्दिष्ट दिव्यांगताओं का प्रमाणन

50. **प्रमाणकर्ता प्राधिकारी द्वारा दिव्यांगता प्रमाणपत्र जारी करना.–** शासकीय चिकित्सालय के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, दिव्यांगता प्रमाणपत्र जारी करने के लिए सक्षम प्राधिकारी होंगे। संबंधित जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी/सिविल सर्जन, अपने क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत समस्त चिकित्सालयों के लिये अलग–अलग सक्षम प्राधिकारी नियुक्त करेंगे।

51. **दिव्यांगता प्रमाणपत्र के लिए आवेदन.–** (1) कोई विनिर्दिष्ट दिव्यांग व्यक्ति, दिव्यांगता प्रमाणपत्र के लिए आवेदन करेगा और आवेदन निम्नलिखित को प्रस्तुत करेगा :–

(एक) कोई चिकित्सा अधिकारी या कोई अन्य अधिसूचित सक्षम अधिकारी, आवेदक के निवास के जिले में, निवास के सबूत के रूप में यथा वर्णित या अनुसूची–एक में यथा वर्णित प्रमाणपत्र जारी करेगा।

(दो) किसी शासकीय अस्पताल के सक्षम चिकित्सा अधिकारी, जहां से वह अपनी दिव्यांगता के संबंध में उपचार करा रहा हो या उसने उपचार कराया हो:

परंतु यदि कोई दिव्यांग अवयस्क है या बौद्धिक दिव्यांगता से ग्रस्त है या किसी ऐसी दिव्यांगता से ग्रस्त है जो उसे स्वयं ऐसा आवेदन करने में असमर्थ बनाती हो, तो उसके निमित्त आवेदन, उसके विधिक अभिभावक या अधिनियम के अधीन पंजीकृत ऐसे संगठन द्वारा किया जा सकेगा जिसकी देखभाल के अधीन उक्त दिव्यांगजन हो।

(2) आवेदन के साथ निम्नलिखित अभिलेख संलग्न किए जाएंगे :–

(एक) आवास का प्रमाण (मूल निवास), राष्ट्रीय न्यास अधिनियम के अंतर्गत अधिसूचित दिव्यांगता के प्रकरण में विधिक अभिभावक के आवास का प्रमाण;

(दो) दो नवीनतम पासपोर्ट साईज की छायाचित्र, दिव्यांगता को दर्शित करने वाला छायाचित्र;

(तीन) आधार क्रमांक अथवा आधार नामांकन क्रमांक, यदि कोई हो।

52. **दिव्यांगता प्रमाणपत्र का जारी किया जाना.–** (1) आवेदन प्राप्त होने पर चिकित्सा अधिकारी या अन्य अधिसूचित सक्षम अधिकारी, आवेदक द्वारा दी गई जानकारी का सत्यापन करेगा।

(2) केन्द्र सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार संबंधित व्यक्ति के दिव्यांगता का निर्धारण करेगा तथा स्वयं का यह समाधान हो जाने के पश्चात कि आवेदक दिव्यांगजन है, विहित प्ररूप में उसके पक्ष में दिव्यांगता प्रमाणपत्र जारी करेगा।

(3) चिकित्सा अधिकारी, आवेदन की प्राप्ति की दिनांक से 30 दिवस के भीतर दिव्यांगता प्रमाणपत्र जारी करेगा।

(4) चिकित्सा अधिकारी, समुचित परीक्षण के पश्चात् :–

(एक) उन प्रकरणों में स्थायी दिव्यांगता प्रमाणपत्र जारी करेगा, जहां दिव्यांगता के स्तर में समय के साथ परिवर्तन की कोई संभावना नहीं है, अथवा

(दो) उन मामलों में, जहां समय के साथ दिव्यांगता के स्तर में परिवर्तन की संभावना है, अस्थाई दिव्यांगता प्रमाणपत्र जारी करेगा और विधिमान्यता की अवधि भी उपदर्शित करेगा।

(5) यदि कोई आवेदक, दिव्यांगता प्रमाणपत्र जारी करने के लिए पात्र नहीं पाया जाता है तो चिकित्सा अधिकारी, आवेदन की प्राप्ति के दिनांक से 30 दिवस की कालावधि के भीतर लिखित में कारणों का उल्लेख करते हुए उसे सूचित करेगा।

(6) इन नियमों के प्रवृत्त होने के 03 माह के भीतर भारत सरकार की वेब पोर्टल www.swavlamvancard.gov.in के माध्यम से ऑनलाईन दिव्यांगता प्रमाणपत्र और यू.डी.आई.डी. कार्ड जारी किया जाएगा।

53. जारी किया गया प्रमाणपत्र साधारणतः सभी प्रयोजनों के लिए विधिमान्य होगा.–

(1) कोई व्यक्ति, जिसके पक्ष में दिव्यांगता प्रमाणपत्र, जारी किया गया है, उसे शासन तथा वित्त पोषित गैर–शासकीय संस्थाओं द्वारा संचालित योजनाओं के अधीन समस्त सुविधाओं, छूट और लाभ, जो दिव्यांगजन को अनुज्ञेय है, विधिमान्य होगी।

(2) ऐसा व्यक्ति ऐसी शर्तों के अधीन आवेदन करने हेतु पात्र होगा, जैसा कि समुचित योजनाओं में विनिर्दिष्ट हो या अनुदेशों द्वारा विनिर्दिष्ट की गई हो।

54. अपील.– सक्षम अधिकारी के विनिश्चय से व्यथित कोई व्यक्ति, साठ दिवस के भीतर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को अपील कर सकेगा तथा इसका निराकरण तीस दिवस के भीतर करना अनिवार्य होगा। छत्तीसगढ़ शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग, इस नियम के प्रवृत्त होने के नब्बे दिवस के भीतर विस्तृत अनुदेश जारी करेगा।

अध्याय–ग्यारह

दिव्यांगजन के लिए राज्य सलाहकार बोर्ड

55. राज्य सलाहकार बोर्ड.– (1) अधिनियम की धारा 66 के खण्ड (1) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, दिव्यांगजन के लिए राज्य सलाहकार समिति का

गठन किया जाता है, जो कि दिव्यांगजन के लिए किए जा रहे कल्याणकारी कार्यक्रमों/योजनाओं की समीक्षा एवं मूल्यांकन करेगी, समिति का गठन निम्नानुसार होगा :–

(एक)	माननीय मंत्री, समाज कल्याण विभाग	–	अध्यक्ष
(दो)	तीन विधायक (छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जायेगा)	–	सदस्य
(तीन)	अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम	–	सदस्य
(चार)	अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ योग आयोग	–	सदस्य
(पांच)	अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, सामान्य प्रशासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, वित्त, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, नगरीय प्रशासन एवं विकास, आवास एवं पर्यावरण, वाणिज्य एवं उद्योग, खेल एवं युवा कल्याण, परिवहन, विधि और विधायी कार्य, लोक निर्माण, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग	–	सदस्य
(छः)	सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग	–	सदस्य–सचिव
(सात)	संचालक, समाज कल्याण संचालनालय	–	सदस्य
(आठ)	सदस्यों के निम्नलिखित प्रवर्ग राज्य सरकार द्वारा नाम निर्दिष्ट होंगे– पांच विशेषज्ञ, जो दिव्यांगजन के पुनर्वास एवं कल्याण के क्षेत्र में विशेषज्ञ हों (अधिनियम में यथा प्रावधानित दिव्यांगता के आधार पर चक्रानुक्रम में,)	–	सदस्य
(नौ)	05 सदस्य जिला प्रतिनिधि (संभागीय चक्रानुक्रम में दिव्यांगजन के पुनर्वास एवं कल्याण के क्षेत्र मे कार्यरत)	–	सदस्य
(दस)	10 दिव्यांगजन जिन्होंने विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त की हो, जिसमें से 05 महिला, 01 अनु.जाति एवं 01 अनु. जनजाति का होगा	–	सदस्य
(ग्यारह)	03 सदस्य स्टेट चेम्बर ऑफ कॉमर्स	–	सदस्य

(2) अधिनियम की धारा 66 के खण्ड (2)(ङ)(दो) के अधीन चक्रानुक्रम द्वारा जिलों का प्रतिनिधित्व करने हेतु नामांकित पांच सदस्य निम्नानुसार होंगे –

(एक) जिलों को, दिव्यांगजनों की जनसंख्या के आधार पर अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाएगा, जनगणना की अनुपलब्धता पर जिलों का चयन, समाज कल्याण विभाग द्वारा विहित की गई रीति के अनुसार की जायेगी।

(दो) प्रत्येक संभाग में, एक जिले का चयन किया जाएगा, जहां दिव्यांगजनों की जनसंख्या सर्वाधिक है तथा पांच सदस्य पहली बार में नामांकित होंगे, जो बोर्ड में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

(तीन) प्रत्येक तीन वर्ष के पश्चात्, सर्वाधिक दिव्यांगजन आबादी वाले अन्य जिलों का चयन किया जाएगा। नामांकन की प्रक्रिया तब तक निरंतर रहेगी, जब तक कि समस्त जिलों का प्रतिनिधित्व पूर्ण नहीं हो जाता।

(चार) उपरोक्त जिलों का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा।

(पांच) सदस्यों का चयन, संबंधित जिले के कलेक्टर की अनुशंसा पर किया जाएगा।

(3) राज्य सलाहकार बोर्ड की बैठक वर्ष में एक बार आयोजित की जाएगी, विशेष परिस्थिति में, अध्यक्ष की अनुमति से, विशेष बैठक आयोजित की जाएगी।

56. सदस्यों हेतु निर्बंधन और शर्तें.– (1) राज्य सलाहकार बोर्ड के अशासकीय सदस्य, अपने नामनिर्देशन के दिनांक से 03 वर्ष की अवधि के लिये पद धारण करेंगे।

(2) राज्य सरकार, यदि वह ठीक समझे तो, किसी नामनिर्देशित सदस्य को उसकी पदावधि की समाप्ति के पूर्व, उसके विरूद्ध कारण दर्शित करने का उचित अवसर देने के पश्चात, उसे हटा सकेगी।

(3) नामनिर्देशित कोई सदस्य, राज्य सरकार को सम्बोधित लिखित में एवं हस्ताक्षर द्वारा, किसी भी समय पद त्याग कर सकेगा।

(4) राज्य सलाहकार बोर्ड में कोई आकस्मिक रिक्ति, नये नामनिर्देशित सदस्य द्वारा भरी जाएगी और रिक्ति को भरने के लिए नामनिर्देशित व्यक्ति उस शेष अवधि के लिए ही पद धारण करेगा, जिसके लिए वह व्यक्ति पद धारण करता, जिसके स्थान पर वह नाम निर्देशित हुआ है।

57. सलाहकार बोर्ड के सदस्यों के लिये भत्ते.– (1) राज्य सलाहकार बोर्ड के अशासकीय सदस्यों को बैठक के प्रत्येक दिन के लिए छत्तीसगढ़ शासन, वित्त एवं योजना विभाग द्वारा प्रसारित 'वित्त–निर्देश'' के अनुसार राज्य शासन के मण्डल/आयोग/निगम के सदस्यों को अनुज्ञेय यात्रा भत्ते और दैनिक भत्ते देय होंगे।

(2) राज्य सलाहकार बोर्ड के सदस्यों को, जो नवा रायपुर/रायपुर में निवास नही कर रहे हैं, वास्तविक यात्रा व्यय, या वास्तविक किराया जो रेल के द्वितीय श्रेणी के वातानुकूलित किराए से अधिक नहीं होगा।

(3) शासकीय सदस्यों को दैनिक भत्ते और यात्रा भत्ते का संदाय, संबंधित विभाग, जिसके अधीन यह कार्य कर रहा है, से नियमों के अधीन इस निमित्त एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही किया जायेगा कि उसने किसी अन्य शासकीय स्त्रोत से उसी यात्रा और ठहराव के लिए ऐसा कोई भत्ता आहरित नहीं किया है।

(4) खण्ड (1) एवं (2) में विनिर्दिष्ट अनुसार, समिति के अशासकीय सदस्यों को अनुज्ञेय यात्रा/दैनिक भत्ते का भुगतान राज्य निराश्रित निधि/अधिनियम की

धारा 88 एवं नियम 98 के अधीन गठित दिव्यांगजन हेतु राज्य निधि या शासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुसार किया जायेगा।

58. **निरर्हतायें.–** (1) ऐसा कोई व्यक्ति, राज्य सलाहकार बोर्ड का सदस्य नहीं होगा, जो–

(एक) दिवालिया हो या किसी समय सक्षम न्यायालय द्वारा दिवालिया न्यायनिर्णित किया गया हो या जिसने अपने ऋणों का संदाय निलंबित कर दिया हो या अपने लेनदारों के साथ समझौता कर लिया हो; या

(दो) विकृत चित्त का हो और सक्षम न्यायालय द्वारा ऐसा घोषित कर दिया गया हो; या

(तीन) किसी अपराध, जो राज्य शासन की राय में नैतिक मूल्यों के विरूद्ध हो, के लिए दोषसिद्ध ठहराया जाता हो या ठहराया गया हो; या

(चार) किसी भी समय अधिनियम के अधीन किसी अपराध के लिए दोषसिद्ध ठहराया जाता है या ठहराया गया हो; या

(पांच) जिसने, राज्य सरकार की राय में, सदस्य के रूप में अपने पद का ऐसा दुरूपयोग किया हो कि उसका राज्य सलाहकार बोर्ड में बने रहना जनसाधारण के हितों के प्रतिकूल हों।

(2) राज्य सरकार द्वारा हटाए जाने का आदेश तब नहीं दिया जाएगा, जब तक कि संबंधित सदस्य को उसके विरूद्ध कारण दर्शित करने का युंक्तियुक्त अवसर न दे दिया गया हो।

(3) कोई सदस्य, जो इस नियम के अधीन हटाया गया है, सदस्य के रूप में पुनः नामनिर्देशन का पात्र नहीं होगा।

59. **राज्य सलाहकार बोर्ड के कृत्य.–** राज्य सलाहकार बोर्ड निम्नानुसार कृत्य करेगा, अर्थात्:–

(1) दिव्यांगजनों के लिये नीति निर्धारण, कार्यक्रम, योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु राज्य सरकार को सलाह देना।

(2) दिव्यांगजनों हेतु राज्य नीति को विकसित करना।

(3) दिव्यांगजनों से संबंधित प्रकरणों का निराकरण करने वाले सभी विभागों की गतिविधियों की समीक्षा एवं समन्वय करना।

(4) दिव्यांगजनों के लिये नवीन कार्यक्रमों को तैयार करना।

(5) दिव्यांगजनों हेतु बाधारहित वातावरण, उचित आवास, समानता के संदर्भ में कार्रवाई करना।

(6) नीतियों, योजनाओं एवं कार्यक्रमों का मूल्यांकन।

(7) अन्य कोई कृत्य जो समय–समय पर राज्य सरकार द्वारा सौंपे जाये।

60. **बैठक की सूचना.**— (1) राज्य सलाहकार बोर्ड की बैठक साधारणतया ऐसे दिनांक को, जैसा कि अध्यक्ष द्वारा नियत किया जाये, आयोजित की जायेगी।

(2) राज्य सलाहकार बोर्ड की विशेष बैठक, कम से कम दस सदस्यों के लिखित अनुरोध पर, आयोजित की जायेगी।

(3) सदस्य—सचिव, बैठक की सूचना, सदस्यों को संवाहक द्वारा या उनके पते पर स्पीड/रजिस्टर्ड डाक या ऐसी किसी अन्य रीति से, जैसा कि अध्यक्ष मामले की परिस्थितियों में उचित समझे, देगा।

(4) कोई भी सदस्य, बैठक में विचारण के लिए किसी विषय को, अध्यक्ष की अनुमति के बिना, लाने का हकदार नहीं होगा ।

(5) अध्यक्ष को राज्य सलाहकार बोर्ड की बैठक को स्थगित करने का अधिकार होगा।

61. **पीठासीन अधिकारी.**— अध्यक्ष, राज्य सलाहकार बोर्ड, बोर्ड की प्रत्येक बैठक की अध्यक्षता करेगा और उसकी अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष, बैठक की अध्यक्षता करेगा, किंतु जब अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, दोनो किसी बैठक में अनुपस्थित हों, तो उपस्थित सदस्य में से किसी एक वरिष्ठतम सदस्य, बैठक की अध्यक्षता करेगा।

62. **गणपूर्ति.**— (1) राज्य सलाहकार बोर्ड के कुल सदस्यों का एक—तिहाई सदस्य बैठक में उपस्थित होने पर, गणपूर्ति पूर्ण होगी, किन्तु गणपूर्ति नहीं होने पर, न्यूनतम तीस मिनट तक के लिए बैठक स्थगित किये जाने की स्थिति में, गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी।

(2) कोई विषय, जो किसी साधारण या विशेष बैठक का एजेण्डा नहीं है, पर स्थगित बैठक में चर्चा नहीं की जाएगी।

63. **कार्यवृत्त.**— (1) सदस्य—सचिव, उन सदस्यों के नामों को अंतर्विष्ट करने वाला अभिलेख रखेगा, जिन्होंने बैठक में भाग लिया था तथा बैठक की कार्यवाहियों के प्रयोजन के लिए एक पंजी संधारित किया जायेगा।

(2) पूर्व बैठक के कार्यवृत्त को प्रत्येक आगामी बैठक के प्रारंभ में पढ़ा जाएगा और अध्यक्ष द्वारा उसका अनुमोदन किया जायेगा और उसके द्वारा हस्ताक्षर किये जायेंगे।

64. **बैठकों में संव्यवहार की जाने वाली कार्यवाही.**— अध्यक्ष की अनुज्ञा के बिना, कार्यवाही में किसी एजेण्डा को शामिल नहीं किया जायेगा या यदि सदस्य ने नियम 60 के उप—नियम (4) के अधीन सूचना नहीं दी है, तो किसी बैठक में ऐसा संव्यवहार नहीं होगा।

65. **राज्य सलाहकार बोर्ड की बैठक के लिए एजेण्डा.–** (1) किसी बैठक में कार्यवाही का संव्यवहार उसी क्रम में किया जाएगा, जिसमें वह एजेण्डा में प्रविष्टि है, सिवाय वह अन्यथा अध्यक्ष की अनुज्ञा से न किया गया हो।

(2) या तो, बैठक के प्रारंभ में या बैठक में किसी प्रस्ताव पर चर्चा के समापन पर, अध्यक्ष या सदस्य, एजेण्डा में यथा प्रविष्ट कार्यवाही के क्रम में परिवर्तन का सुझाव दे सकेगा और यदि अध्यक्ष सहमत होता है तो ऐसा परिवर्तन किया जाएगा।

66. **बहुमत द्वारा संकल्प.–** समिति की बैठक में विचार किए गए सभी प्रश्नों का विनिश्चय उपस्थित सदस्यों के और मत देने वाले सदस्यों के बहुमत से किया जाएगा। यदि मतों की संख्या समान होती है तो निर्णायक मत, अध्यक्ष का होगा या अध्यक्ष की अनुपस्थिति में, उपाध्यक्ष या दोनों की अनुपस्थिति में, बैठक की अध्यक्षता करने वाले सदस्य का द्वितीयक या निर्णायक मत होगा।

67. **रिक्ति या किसी अन्य त्रुटि से कार्यवाही का अविधिमान्य न होना.–** राज्य सलाहकार बोर्ड की कोई कार्यवाही को केवल ऐसे बोर्ड के गठन में किसी रिक्ति या किसी अन्य त्रुटि के विद्यमान होने के आधार पर, प्रश्नगत किया किया जायेगा।

68. **दिव्यांगता पर जिला स्तरीय समिति.–** (1) अधिनियम की धारा 72 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, दिव्यांगजन के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया जायेगा, जो कि निम्नानुसार होगा :–

(एक)	कलेक्टर	–	अध्यक्ष
(दो)	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत	–	उपाध्यक्ष
(तीन)	आयुक्त, नगरपालिक निगम	–	सदस्य
(चार)	मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग	–	सदस्य
(पांच)	जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा विभाग	–	सदस्य
(छः)	जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग	–	सदस्य
(सात)	जिला परिवहन अधिकारी, जिला कार्यालय परिवहन	–	सदस्य
(आठ)	उप संचालक/प्राचार्य (जिला नोडल) जिला कार्यालय उच्च शिक्षा विभाग	–	सदस्य
(नौ)	मुख्य महाप्रबंधक, जिला उद्योग एवं व्यापार केन्द्र	–	सदस्य
(दस)	संयुक्त/उप संचालक, नगरीय प्रशासन विभाग	–	सदस्य
(ग्यारह)	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत	–	सदस्य
(बारह)	मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पंचायत	–	सदस्य
(तेरह)	अध्यक्ष जिला पंचायत द्वारा नामित प्रतिनिधि	–	सदस्य
(चौदह)	दिव्यांगता एवं पुनर्वास क्षेत्र के विशेषज्ञ 03 व्यक्ति (अधिनियम	–	सदस्य

में प्रावधानित दिव्यांगता के आधार पर चक्रानुक्रम)।

(पन्द्रह)	05 सदस्य, नगरीय/जनपद पंचायत क्षेत्र के प्रतिनिधि चक्रानुक्रम में	–	सदस्य
(सोलह)	स्वैच्छिक संस्था के 05 सदस्य, विभिन्न दिव्यांगता के साथ, जिसमें 02 महिला, 01 अनु. जाति एवं 01 अनु. जनजाति हो	–	सदस्य
(सत्रह)	03 सदस्य, जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स	–	सदस्य
(अठारह)	संयुक्त/उप संचालक, जिला कार्यालय समाज कल्याण	–	सदस्य–सचिव

खण्ड (चौदह), (पन्द्रह) एवं (सोलह) के अशासकीय सदस्यों को कलेक्टर द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जायेगा।

(2) जिला स्तरीय समिति, दिव्यांगजन को हो रही समस्याओं का समाधान करेगी तथा समस्त शासकीय विभागों/अशासकीय संगठनों से समन्वय कर समग्र पुनर्वास के लिए आवश्यक कार्यवाही करेगी और की गई कार्यवाही का परीक्षण एवं मूल्यांकन करेगी।

(3) नामनिर्दिष्ट अशासकीय सदस्य 03 वर्ष की अवधि के लिये पद धारण करेंगे और नाम निर्दिष्ट सदस्य, पुनः 03 वर्ष के लिये नामनिर्देशन के लिए पात्र होंगे।

(4) जिला कलेक्टर, यदि ठीक समझे तो, किसी नामनिर्देशित अशासकीय सदस्य को उसकी पदावधि की समाप्ति के पूर्व, उसके विरूद्ध कारण दर्शित करने का उचित अवसर देने के पश्चात, उसे हटा सकेंगे।

69. **जिला स्तरीय समिति के कृत्य.–** (1) जिले के दिव्यांगजन कल्याण वार्षिक योजना का अनुमोदन करना।

(2) समाज कल्याण विभाग के पोर्टल पर दिव्यांगजनों से संबंधित जानकारी को अद्यतन कराये जाने की समीक्षा।

(3) दिव्यांगजनों को जिले में जारी किये गये दिव्यांगता प्रमाणपत्र तथा यू.डी.आई.डी. कार्ड की समीक्षा करना।

(4) दिव्यांगजनों के कल्याण के लिये विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों की समीक्षा करना।

(5) शासकीय सेवा में आरक्षण के अनुसार दिव्यांगजनों की नियुक्ति सुनिश्चित कराना।

(6) जिले में दिव्यांगजनों के कल्याण हेतु कार्यरत अशासकीय संस्थाओं के कार्यों का अध्यक्ष या अध्यक्ष द्वारा अधिकृत समिति के सदस्यों के माध्यम से निरीक्षण कराना।

(7) इस अधिनियम के अधीन संबंधित समस्त विभागों द्वारा दिव्यांगजनों के लिये छः माह के अंतराल में किए गए कार्यों की समीक्षा करना।

(8) दिव्यांगजनों की शैक्षणिक गतिविधियों की प्रगति एवं उनकी समस्याओं के समाधान की समीक्षा करना।

(9) विहित समय सीमा के अन्दर बाधारहित वातावरण की समीक्षा एवं निर्देश जारी करना।

(10) समावेशी भारत अभियान के अंतर्गत समावेशी शिक्षा, रोजगार एवं सामाजिक विकास के संबंध में समीक्षा एवं आवश्यक निर्देश देना।

(11) संबंधित विभाग द्वारा दिव्यांगजनों हेतु किए गए हस्तक्षेप, शीघ्र पहचान तथा उपचार आदि और अन्य सुविधाओं एवं संसाधनों की समीक्षा करना।

(12) जिला स्तर पर संबंधित विभागों द्वारा प्राप्त बजट में से दिव्यांगजनों के कल्याण हेतु किए गए कार्यों की समीक्षा करना।

(13) राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर सौंपे गए कार्यों की समीक्षा करना।

70. **जिला स्तरीय समिति के सदस्यों के भत्ते.– (1)** जिला स्तरीय समिति के अशासकीय सदस्यों को बैठक के प्रत्येक दिन के लिए छत्तीसगढ़ शासन, वित्त एवं योजना विभाग द्वारा प्रसारित 'वित्त–निर्देश'' के अनुसार राज्य शासन के मण्डल/आयोग/निगम के सदस्यों को अनुज्ञेय यात्रा भत्ते और दैनिक भत्ते के पात्र होंगे।

(2) खण्ड (1) एवं (2) में विनिर्दिष्ट अनुसार समिति के अशासकीय सदस्यों को अनुज्ञेय यात्रा/दैनिक भत्ते का भुगतान, जिला में संधारित निराश्रित निधि/अधिनियम की धारा 88 एवं नियम 100 के अधीन गठित दिव्यांगजन हेतु राज्य निधि या शासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुसार किया जायेगा।

71. **बैठक की सूचना.**– (1) जिला स्तरीय समिति की बैठक साधारणतः जिला मुख्यालय में ऐसे दिनांक को, जैसा कि अध्यक्ष द्वारा नियत किया जाए, आयोजित की जाएगी।

(2) समिति की बैठक प्रत्येक छः माह में कम से कम एक बार होगी।

(3) समिति के सदस्य/सचिव के लिये यह अनिवार्य होगा कि बैठक की सूचना, पन्द्रह दिवस के पूर्व समिति के सदस्यों को दिया जाये।

(4) अध्यक्ष, जिला स्तरीय समिति की बैठक को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर सकता है।

72. **पीठासीन अधिकारी.–** अध्यक्ष, जिला स्तरीय समिति, समिति की प्रत्येक बैठक की अध्यक्षता करेगा और उसकी अनुपस्थिति में, किसी वरिष्ठ सदस्य को बैठक की अध्यक्षता करने के लिए नामांकित किया जायेगा।

73. **गणपूर्ति.–** समिति की गणपूर्ति एक–तिहाई सदस्यों से पूर्ण होगी, किन्तु यदि गणपूर्ति नहीं होती है, तो न्यूनतम 30 मिनट के लिए बैठक स्थगित किये जाने की स्थिति में, गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी।

74. **कार्यवृत्त.**— (1) सदस्य—सचिव, बैठक की कार्यवृत्त पुस्तिका रखेगा, जिसमें समिति के सभी सदस्यों, जिन्होंने बैठक में भाग लिया है, के नाम तथा उनके हस्ताक्षर होंगे और इसमें बैठक की समस्त कार्यवाहियों के ब्यौरे भी लिखे जायेंगे।

(2) समिति की आगामी प्रत्येक बैठक में, पिछली बैठक का कार्यवृत्त प्रारम्भ में पढ़ा जायेगा तथा ऐसी बैठक की अध्यक्षता करने वाले पीठासीन अधिकारी द्वारा अनुमोदन किया जायेगा तथा पीठासीन अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किये जायेंगे।

75. **बैठकों में संव्यवहार की जाने वाली कार्यवाही.**— सिवाय अध्यक्ष की अनुज्ञा के, किसी कार्यवाही में कोई एजेण्डा प्रविष्ट नहीं किया जायेगा, यदि सदस्य—सचिव ने नियम 71 के उप—नियम (3) के अधीन सूचना नहीं दी है, तो किसी बैठक में ऐसा संव्यवहार नहीं होगा।

. **रिक्ति या किसी अन्य त्रुटि से कार्यवाही का अविधिमान्य न होना.**— जिला स्तरीय समिति की कोई कार्यवाही को, केवल ऐसी समिति के गठन में किसी रिक्ति या किसी अन्य त्रुटि के विद्यमान होने के आधार पर प्रश्नगत नहीं किया जायेगा।

अध्याय—बारह
दिव्यांगजनों के लिए राज्य आयुक्त

77. **दिव्यांगजन के लिये राज्य आयुक्त.**— अधिनियम की धारा 79 के अधीन राज्य शासन दिव्यांगजन के लिये राज्य आयुक्त की नियुक्ति करेगा।

78. **राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन की नियुक्ति के लिए अर्हता.**— अधिनियम की धारा 79 की उप—धारा (2) के अधीन आयुक्त के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र होने के उद्देश्य से, किसी व्यक्ति को निम्नलिखित निर्बंधन एवं शर्तों को पूरा करना होगा, अर्थात् :—

(1) उसके पास दिव्यांगजनों के पुनर्वास से सम्बन्धित प्रकरणों के सम्बन्ध में विशेष ज्ञान एवं व्यवहारिक अनुभव हो,

(2) आयुक्त दिव्यांगजन की नियुक्ति के लिये आवेदन आमंत्रित करने वाले विज्ञापन के अनुसार अंतिम तिथि वाले वर्ष में पहली जनवरी को 65 वर्ष की आयु पूर्ण न की हो,

(3) यदि वह केन्द्रीय/राज्य शासन के अधीन सेवारत है, तो उसे आयुक्त के पद को धारण करने के पूर्व उस सेवा से सेवानिवृत्ति लेनी आवश्यक है,

(4) केन्द्र सरकार की अखिल भारतीय सेवा एवं राज्य सरकार की सिविल सेवाओं के सेवानिवृत्त ऐसे अधिकारी, जिन्हें नीति निर्धारण एवं प्रशासन के क्षेत्र में अनुभव हो,

(5) उसके पास निम्नलिखित शैक्षणिक अर्हता और अनुभव होना चाहिये, अर्थात्:—

(एक) शैक्षणिक अर्हता :—

(क) **आवश्यक :** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक,

(ख) **वांछनीय :** सामाजिक कार्य / विधि / प्रबंधन /मानव अधिकार / पुनर्वास/मानविकी में समस्त विषय/दिव्यांगजन की शिक्षा के संबंध में किसी एक विषय में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर।

(दो) **अनुभव** :– निम्नलिखित प्रकार के एक या अधिक संगठनों में निर्धारित स्तरों पर कम से कम 15 वर्ष **का** अनुभव होना चाहिए :–

(क) केन्द्रीय/राज्य शासन/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम/दिव्यांगता से सम्बन्धित मामलों के अर्द्धशासकीय या स्वायत्त निकाय अथवा सामाजिक क्षेत्र (समाज कल्याण/सामान्य प्रशासन/स्वास्थ्य/ शिक्षा/गरीबी उन्मूलन/महिला एवं बाल विकास) में प्रथम श्रेणी के पद एवं न्यायिक या अर्द्धन्यायिक निर्णय करने का 03 वर्ष का अनुभव, अथवा

(तीन) दिव्यांगजनों हेतु सामाजिक कार्य के क्षेत्र में 15 वर्ष का अनुभव और प्रख्यात निजी क्षेत्र संगठन में वरिष्ठ कार्यकारी के रुप में पदस्थ होने के दौरान, प्रशासनिक/नीतिगत मामलों में निर्णय लेने की योग्यता होनी चाहिये तथा संगठन के समाज कल्याण योजनाओं को संचालित करने में समर्थ होना चाहियेः

परन्तु यह कि ऊपर वर्णित कुल 15 वर्षों के अनुभव में से, दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्यरत अभ्यर्थियों से विज्ञापन द्वारा आवेदन आमंत्रित करने के अंतिम दिनांक से छत्तीसगढ़ राज्य में कार्य करने का कम से कम विगत 03 वर्षों का अनुभव होना अनिवार्य है।

79. **राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन के लिए निरर्हतायें.**– कोई ऐसा व्यक्ति आयुक्त, दिव्यांगजन के पद के लिए पात्र नहीं होगा, यदि वह –

(1) दिवालिया हो या किसी समय दिवालिया घोषित किया गया हो; या
(2) व्यक्ति, जो विकृत चित्त का हो या सक्षम न्यायालय द्वारा ऐसा घोषित कर दिया गया हो; या
(3) व्यक्ति, जो ऐसे किसी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया हो, जो राज्य सरकार की राय में हिंसात्मक प्रवृत्ति तथा नैतिक मूल्यों के विरूद्ध हो; या
(4) व्यक्ति, जिसने राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन के रूप में शक्ति का दुरूपयोग किया हो तथा दोषी पाया गया हो तथा उसकी सेवाएं लोक हित के विरूद्ध हो;
(5) उसने आयुक्त, दिव्यांगजन के रूप में दो कार्यकाल पूर्ण कर लिए हों।

80. **राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन की पदावधि.**– आयुक्त, दिव्यांगजन की पदावधि 03 वर्ष के लिये होगी।

81. **राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन का मुख्यालय.**– आयुक्त, दिव्यांगजन का मुख्यालय नवा रायपुर अटल नगर, जिला– रायपुर, छत्तीसगढ़ में होगा।

82. **राज्य आयुक्त की नियुक्ति की रीति.—** (1) राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन छत्तीसगढ़ के रिक्त हुए पद की पूर्ति हेतु प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग की अध्यक्षता में निम्नानुसार **जांच**—सह—चयन समिति का गठन किया जाएगा :—

(एक)	प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग	—	अध्यक्ष
(दो)	प्रमुख सचिव/सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, विधि और विधायी कार्य विभाग	—	सदस्य
(तीन)	संचालक, समाज कल्याण संचालनालय, छत्तीसगढ़, रायपुर	—	सदस्य

(2) आयुक्त, दिव्यांगजन के चयन की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी :—

(एक) राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन के पद हेतु आवेदन आमंत्रित करने हेतु संचालक, समाज कल्याण संचालनालय द्वारा विज्ञापन जारी किया जाएगा। विज्ञापन, न्यूनतम दो राष्ट्रीय एवं दो राज्य स्तर के दैनिक समाचार पत्रों, दोनों स्तर पर एक अंग्रेजी समाचार पत्र में प्रकाशित होना चाहिए।

(दो) प्राप्त आवेदनों को राज्य सरकार द्वारा गठित जांच—सह—चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

(तीन) राज्य सरकार, जांच—सह—चयन समिति की अनुशंसा पर, राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन की नियुक्ति करेगा तथा इस मामले में कोई अपील नहीं होगी।

(चार) जांच—सह—चयन समिति की बैठक की प्रक्रियाएं गोपनीय होंगी तथा इस संबंध में कोई पत्राचार अनुज्ञात नही किया जाएगा।

(पांच) यदि राज्य सरकार, राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन के पद के लिये किसी भी अभ्यर्थी को उपयुक्त नहीं पाती है, तो चयन प्रक्रिया, पुनः दोहराई जायेगी।

(3) समिति द्वारा अनुशंसित किये गए पैनल में वे अभ्यर्थी, जिन्होंने उप—नियम (1) में वर्णित विज्ञापन के प्रत्युत्तर में आवेदन किया हो तथा अन्य पात्र अभ्यर्थी, जिन्हें समिति समुचित समझे, भाग लेने हेतु पात्र होंगे।

(4) राज्य शासन, जांच—सह—चयन समिति द्वारा अनुशंसित किये गये किसी एक अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ राज्य के लिये राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन नियुक्त करेगा।

83. **आयुक्त की पदावधि.—** (1) राज्य आयुक्त की पदावधि, उस दिनांक से, जिसको वह पद धारण करता है, से 03 वर्ष या 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, इनमें से जो भी पूर्वत्तर हो, होगी।

(2) राज्य आयुक्त की पदावधि 3 वर्ष की होगी और उसे एक बार के लिये विस्तारित किया जायेगा अथवा 65 वर्ष की आयु पूर्ण करते तक होगा।

84. **राज्य आयुक्त के वेतन और भत्ते.**— अधिनियम की धारा 79 की उप—'धारा (3) के अधीन राज्य शासन, राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन के वेतन और भत्ते का निर्धारण निम्नलिखित रीति से करेंगेः—

(1) राज्य आयुक्त ऐसे वेतन और भत्तों के लिए हकदार होगा, जैसा कि प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ शासन को अनुज्ञेय है।

(2) जहां राज्य आयुक्त कोई सेवानिवृत्त शासकीय सेवक या शासन द्वारा वित्त पोषित किसी संस्था या स्वायत्त निकाय का सेवानिवृत्त अधिकारी है और जो ऐसी पूर्व सेवा से पेंशन प्राप्त कर रहा है, वहां उसे इन नियमों के अधीन अनुज्ञेय वेतन में से पेंशन की रकम को घटा दिया जाएगा। यदि उसने पेंशन के किसी भाग के बदले उसका सारांशित मूल्य प्राप्त किया है, वहां पेंशन के ऐसे सारांशित भाग की रकम को भी, वेतन में से घटा दिया जाएगा।

85. **राज्य आयुक्त की सेवा के अन्य निबंधन और शर्तें.**— (1) राज्य आयुक्त ऐसे अवकाश के लिए हकदार होंगे, जैसा कि राज्य सरकार के प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारी को अनुज्ञेय है।

(2) राज्य आयुक्त ऐसे यात्रा भत्तें के हकदार होंगे, जैसा कि राज्य सरकार के प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारी को अनुज्ञेय है।

(3) राज्य आयुक्त ऐसे चिकित्सीय लाभ के लिए हकदार होंगे, जैसा कि राज्य सरकार के प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारी को अनुज्ञेय है।

86. **त्यागपत्र और पद से हटाया जाना.**— (1) राज्य आयुक्त, अपने हस्ताक्षर सहित सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग को संबोधित एक लिखित सूचना देकर, अपने पद से त्यागपत्र दे सकेंगे।

(2) राज्य शासन किसी व्यक्ति, जो कि राज्य आयुक्त है, को सुनवाई का अवसर देते हुए पद से हटा सकेगा, यदि वह—

(एक) अनुन्मोचित दिवालिया हो जाता है;

(दो) अपने कार्यकाल के दौरान किसी संदाययुक्त नियोजन में लगता है और अपने पद के कर्तव्यों से परे कोई क्रियाकलाप करता है;

(तीन) किसी ऐसे अपराध के लिए दोष सिद्ध ठहराया जाता है या कारावास से दंडादिष्ट किया जाता है, जिसमें राज्य शासन की राय में नैतिक अधमता या हिंसा अंतर्वलित है;

(चार) राज्य शासन की राय में, मस्तिष्क या शरीर के अंग—शैथिल्य के कारण या अधिनियम में यथा अभिकथित उसके कर्तव्यों के निष्पादन में गंभीर व्यतिक्रम के कारण उसके कर्तव्य के निर्वहन के लिए अयोग्य पाया जाता है;

(पांच) राज्य शासन की पूर्व अनुमति अभिप्राप्त किये बिना, 01 माह या अधिक की अनुक्रमिक अवधि के लिए कार्य से अनुपस्थित रहता है;

(छः) राज्य शासन की राय में आयुक्त के पद का इस प्रकार दुरूपयोग करता है कि उसका पद पर बने रहना दिव्यांग व्यक्तियों के हित के विपरित है।

87. **राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन को हटाये जाने हेतु सक्षम प्राधिकारी.–** सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग, राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन को उसकी पदावधि समाप्त होने के पूर्व, पद से हटाये जाने हेतु सक्षम प्राधिकारी होगा।

88. **राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन का रिक्त पद.–** आयुक्त, दिव्यांगजन का पद रिक्त होने की दशा में, सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग प्रभारी राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन होंगे।

89. **राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन के कार्यालय हेतु कर्मचारीवृंद.–** अधिनियम की धारा 79 की उप–धारा (4) के अधीन राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन के द्वारा संपादित किये जाने वाले कृत्यों के निर्वहन में सहायता के लिए निम्नलिखित मानव संसाधन उपलब्ध करायेंगे :–

(1) राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन के कार्यालय हेतु आवश्यक कर्मचारीवृंद उपलब्ध कराये जायेंगे।

(2) कर्मचारीवृंद, राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन होंगे।

90. **राज्य आयुक्त की सहायता के लिए सलाहकार समिति.–** (1) अधिनियम की धारा 79 की उप–धारा (7) के अधीन प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन की सहायता के लिये सलाहकार समिति का गठन किया जायेगा, सलाहकार समिति निम्नानुसार होगी, अर्थात् :–

(एक) अधिनियम की अनुसूची में विनिर्दिष्ट दिव्यांगताओं की श्रेणियों के 05 समूहों का प्रतिनिधित्व करने के लिए 05 विशेषज्ञ, जिनमें 02 महिलाएं होंगी;

(दो) बाधारहित वातावरण के क्षेत्र में निम्नलिखित 03 नामनिर्दिष्ट विशेषज्ञः–

(क) भौतिक वातावरण में एक विशेषज्ञ,

(ख) परिवहन प्रणालियों में एक विशेषज्ञ,

(ग) सूचना और संचार प्रौद्योगिकी या अन्य सेवाएं या जनता को उपलब्ध कराई जाने वाली प्रसुविधाओं के क्षेत्र में से एक विशेषज्ञ;

(तीन) दिव्यांगजन के नियोजन के क्षेत्र में एक विशेषज्ञ;

(चार) एक विधिक विशेषज्ञ;

(पांच) दिव्यांगजन के लिए राज्य आयुक्त द्वारा अनुशंसित एक विशेषज्ञ ।

(2) आयुक्त को, आवश्यकता के अनुसार विषयवस्तु या डोमेन विशेषज्ञ को आमंत्रित करने की शक्ति होगी, जो उसकी बैठक या सुनवाई में और प्रतिवेदन तैयार करने में सहायता करेंगे।

(3) सलाहकार समिति के सदस्यों की नियुक्ति 3 वर्ष के लिये होगी और सदस्य पुनः एक बार नाम निर्देशन के पात्र होंगे।

(4) आयुक्त की सलाहकार समिति के अशासकीय सदस्यों को, बैठक के प्रत्येक दिन के लिए छत्तीसगढ़ शासन, वित्त एवं योजना विभाग द्वारा प्रसारित 'वित्त–निर्देश'' के अनुसार राज्य शासन के मण्डल/आयोग/निगम के सदस्यों को अनुज्ञेय यात्रा भत्ते और दैनिक भत्ते की पात्रता होगी।

(5) समिति के सदस्यों को, जो नवा रायपुर/रायपुर में निवास नहीं कर रहे है, वास्तविक यात्रा व्यय, जो राज्य सरकार के प्रथम श्रेणी अधिकारी को अनुज्ञेय है, की पात्रता होगी।

(6) शासकीय सदस्यों को दैनिक भत्ते और यात्रा भत्ते का संदाय संबंधित विभाग, जिसके अधीन वह कार्य कर रहा है, से नियमों के अधीन यह प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर किया जायेगा कि उसने किसी अन्य शासकीय स्त्रोत से उसी यात्रा और ठहराव के लिए कोई ऐसा भत्ता आहरित नहीं किया है।

(7) समिति के अशासकीय सदस्यों को अनुज्ञेय यात्रा/दैनिक भत्ते का भुगतान शासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों के अनुसार किया जायेगा, जब तक निर्देश जारी न हो, यह भुगतान राज्य निराश्रित निधि/अधिनियम की धारा 88 एवं नियम 98 के अधीन दिव्यांगजन हेतु गठित राज्य निधि से किया जायेगा।

91. **राज्य आयुक्त द्वारा अनुसरित की जाने वाली प्रक्रिया.**– अधिनियम की धारा 80 के अधीन राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन निम्नानुसार कृत्यों का अनुसरण करेंगेः–

(1) व्यथित व्यक्ति, याचिकाकर्ता के रुप में, कोई वाद/परिवाद, निम्नलिखित का वर्णन करते हुये, वैयक्तिक रूप से या अपने किसी अभिकर्ता के माध्यम से राज्य आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत कर सकेगा या उसे आयुक्त को संबोधित करते हुए स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक या ई–मेल द्वारा भेजेगा, अर्थात् :–

(एक) व्यथित व्यक्ति का नाम, वर्णन और पता;

(दो) विरोधी पक्षकार या पक्षकारों का नाम, वर्णन और पता, जहां तक उन्हे अभिनिश्चित किया जा सकेगा;

(तीन) परिवाद के सुसंगत तथ्य और वह कब और कहां उदभूत हुआ;

(चार) परिवाद में अंतर्विष्ट अभिकथनों के समर्थन में अभिलेख;

(पांच) वह अनुतोष, जिसके लिए व्यथित व्यक्ति दावा करता है।

(2) राज्य आयुक्त, किसी वाद/परिवाद की प्राप्ति पर, परिवाद में उल्लिखित विरोधी पक्षकार या पक्षकारों को संबोधित करते हुए परिवाद की एक प्रति

निर्दिष्ट करेगा तथा निर्देश देगा कि वे, 30 दिवस अथवा राज्य आयुक्त द्वारा यथा अनुमोदित 15 दिवस की विस्तारित अवधि के भीतर, प्रकरण में अपना प्रतिउत्तर प्रस्तुत करें।

(3) सुनवाई के दिनांक या ऐसे अन्य दिनांक को, जिसको सुनवाई स्थगित की गई है, पक्षकार या उनके अभिकर्ता, राज्य आयुक्त के समक्ष उपसंजात होंगे।

(4) जहां परिवादी या उसका अभिकर्ता, ऐसे दिनांक को राज्य आयुक्त के समक्ष उपसंजात होने में असफल रहता है, वहां राज्य आयुक्त, व्यतिक्रम पर परिवाद को अमान्य कर सकेगा या गुण–दोष के आधार पर उसका विनिश्चय कर सकेगा।

(5) जहां विरोधी पक्षकार या उसका अभिकर्ता, सुनवाई के दिनांक को राज्य आयुक्त के समक्ष उपसंजात होने में असफल रहता है, वहां आयुक्त अधिनियम की धारा 82 के अधीन ऐसी आवश्यक कार्यवाही कर सकेगा, जैसा कि वह विरोधी पक्षकार को समन करने और उसे उपस्थित करने के लिए आवश्यक समझे।

(6) राज्य आयुक्त, यदि आवश्यक हो तो, वाद का एकपक्षीय रूप से निराकरण कर सकेगा।

(7) राज्य आयुक्त ऐसे निबंधनो पर जिन्हें वह उचित समझे, कार्यवाहियों के किसी भी क्रम पर परिवाद की सुनवाई को स्थगित कर सकेगा।

(8) राज्य आयुक्त, यथासंभव रूप से, विरोधी पक्षकार द्वारा सूचना की प्राप्ति के दिनांक से 3 माह की अवधि के भीतर परिवाद का विनिश्चय करेगा।

92. **वार्षिक रिपोर्ट का प्रस्तुत किया जाना.**– (1) अधिनियम की धारा 83 की उप–धारा (1) के अधीन राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन, वित्तीय वर्ष की समाप्ति पश्चात् राज्य सरकार को वार्षिक प्रतिवेदन तैयार कर, प्रस्तुत करेगा, जिसमें की गई कार्यवाही का सही और पूर्ण विवरण अंतर्विष्ट होगा।

(2) अधिनियम की धारा 83 की उप–धारा (2) के प्रावधान के अधीन वार्षिक प्रतिवेदन विधानसभा के पटल पर भार–साधक मंत्री के अभिप्रमाणन पश्चात् रखा जाएगा।

(3) वार्षिक रिपोर्ट में निम्नलिखित विषयों में से प्रत्येक के संबंध में सूचना अंतर्विष्ट होंगी, अर्थात् :–

(एक) राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन के कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों के नाम और संगठनात्मक स्थापन प्रदर्शित करने वाला एक चार्ट।

(दो) अधिनियम की धारा 80 और 82 के अधीन ऐसे कृत्य, जो आयुक्त, दिव्यांगजन, निर्वहन करने के लिये सशक्त होंगे और इस संबंध में अन्य महत्वपूर्ण विषयों का निष्पादन।

(तीन) राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन द्वारा प्राप्त एवं निराकृत प्रकरणों की संख्या और की गई मुख्य अनुसंशायें।

(चार) अधिनियम के उपबंधों के क्रियान्वयन के पश्चात् राज्य में की गई प्रगति।

(पांच) राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन द्वारा सम्मिलित किये गये किसी अन्य विषय और राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर विनिर्दिष्ट किए गए विषय से संबंधित जानकारी।

अध्याय–तेरह
विशेष न्यायालय

93. **विशेष न्यायालय.–** दिव्यांगजन को त्वरित विचारण प्रदान करने के उद्देश्य से उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़ की सहमति से, राज्य सरकार, अधिसूचना द्वारा, प्रत्येक जिले में एक न्यायालय को इस अधिनियम की धारा 84 के अधीन अपराधों के विचारण के लिए विशेष न्यायालय के रूप में विनिर्दिष्ट करेगा। नियम 93 के अधीन कार्यवाही के लिए विधि एवं विधायी कार्य विभाग नोडल विभाग होगा।

94. **विशेष लोक अभियोजक की नियुक्ति.–** अधिनियम की धारा 85 की उप–धारा (1) के अधीन विशेष न्यायालय के लिए प्रत्येक विशेष लोक अभियोजक छत्तीसगढ़ शासन, विधि एवं विधायी कार्य विभाग द्वारा निम्नानुसार नियुक्त किए जायेंगे:–

(एक) जिसे दिव्यांगजन के प्रकरणों के निराकरण का व्यवहारिक अनुभव हो।

(दो) जिनके पास न्यायालय में अधिवक्ता के रुप में वकालत का 07 वर्षों से अन्यून का अनुभव हो।

(तीन) जिनके पास स्थानीय भाषा एवं रीति–रिवाजों का ज्ञान हो।

95. **लोक अभियोजक के शुल्क और अन्य भुगतान.–** अधिनियम की धारा 85 की उप–धारा (2) के अधीन, विशेष लोक अभियोजक ऐसी फीस या पारिश्रमिक प्राप्त करने के हकदार होंगे, जो दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 1) के अधीन राज्य सरकार द्वारा नियुक्त लोक अभियोजक को सत्र न्यायालय के समक्ष प्रकरण के संचालन करने हेतु अनुज्ञेय है।

अध्याय–चौदह
दिव्यांगजनों के लिए राज्य निधि

96. **राज्य निधि का प्रबंधन.–** अधिनियम की धारा 88 की उप–धारा (1) के अधीन दिव्यांगजन के कल्याण एवं पुनर्वास हेतु राज्य निधि नामक एक कोष का गठन किया जाएगा, जिसमें निम्नलिखित को सम्मिलित किया जायेगा :–

(एक) राज्य शासन से अनुदान प्राप्त करेगा, इसके अतिरिक्त दान, अनुदान, चंदा, आर्थिक सहायता शुल्क, किराया, विज्ञापन एवं अन्य प्रकार के कार्यक्रमों से भी निधियों की व्यवस्था करेगा।

(दो) छत्तीसगढ़ निराश्रितों एवं निर्धन व्यक्तियों की सहायता अधिनियम, 1970 (क्र. 12 सन् 1970) के अन्तर्गत निराश्रित निधि, जिलों में संग्रहित निराश्रित निधि की राशि का प्रतिवर्ष 05% तथा राज्य निराश्रित निधि का 10% प्रभाजन कर, निक्षेप किया जायेगा।

(तीन) छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित केन्द्र/राज्य शासन के शासकीय एवं निजी उपक्रमों के अधीन गठित निर्गमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) अन्तर्गत संग्रहित राशि का 05% प्रतिवर्ष प्रभाजन कर, निक्षेप किया जायेगा।

(चार) डीएमएफ के अन्तर्गत राज्य के खनिजों के खनन् से प्राप्त रॉयल्टी एवं उसका 05% प्रभाजन कर, निक्षेप किया जायेगा।

(पांच) छत्तीसगढ़ राज्य में रेडक्रास समिति के अन्तर्गत जिलों में संग्रहित राशि का प्रतिवर्ष 05% तथा राज्य रेडक्रास समिति के अंतर्गत संग्रहित राशि का 10% प्रभाजन कर, निक्षेप किया जायेगा।

(छः) निधि से सम्बन्धित सभी राशि को ऐसे बैंकों में जमा किया जाएगा या उनका ऐसी रीति में विनिधान किया जाएगा, जैसा कि शासकीय निकाय द्वारा, राज्य शासन के साधारण मार्गदर्शक सिद्धांतों के अधीन रहते हुए, विनिश्चय किया जाये।

97. **राज्य निधि की प्रबंधन समिति.**— (1) अधिनियम की धारा 88 की उप—धारा (1) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, दिव्यांगजनों के लिए राज्य निधि का प्रबंध करने के लिए एक शासकीय निकाय गठित किया जायेगा, राज्य निधि की प्रबंधन समिति का गठन निम्नानुसार होगा :—

(एक)	प्रमुख सचिव/सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग,	—	अध्यक्ष
(दो)	प्रतिनिधि, छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग	—	सदस्य
(तीन)	संचालक, समाज कल्याण संचालनालय, छत्तीसगढ़	—	सदस्य—सचिव
(चार)	विभिन्न दिव्यांगजन का प्रतिनिधित्व हेतु संबंधित दिव्यांगता के दो व्यक्ति/संस्था जो चक्रानुक्रम के आधार पर, समिति में (राज्य शासन द्वारा) नामांकित होंगे।	—	सदस्य

(2) समिति की बैठकें समय—समय पर आवश्यकतानुसार होगी, किन्तु प्रत्येक 06 माह में कम से कम एक बार बैठक होना अनिवार्य है।

(3) नामनिर्दिष्ट अशासकीय सदस्यों की पदावधि, आदेश के दिनांक से 03 वर्ष की होगी तथा एक और अवधि के लिए सदस्य के रुप में नामनिर्देशन के लिए पात्र होंगे।

(4) राज्य शासन, यदि ठीक समझे तो, किसी नाम निर्देशित अशासकीय सदस्य को उसकी पदावधि की समाप्ति के पूर्व, उसके विरूद्ध कारण दर्शित करने का उचित अवसर देने के पश्चात्, उसे हटा सकेगा।

(5) समिति का कोई भी सदस्य, ऐसी सदस्यता की अवधि के दौरान, निधि का लाभार्थी नहीं होगा।

(6) नामनिर्दिष्ट अशासकीय सदस्यों को ऐसे अनुज्ञेय यात्रा/दैनिक भत्ते की पात्रता होगी, जैसा कि राज्य सलाहकार बोर्ड की बैठकों में भाग लेने वाले सदस्यों को अनुज्ञेय है।

(7) किसी भी व्यक्ति को प्रबंधन समिति में अशासकीय सदस्य के रूप में नामनिर्दिष्ट नहीं किया जाएगा, यदि वह—

(एक) किसी ऐसे अपराध के लिए दोष सिद्ध ठहराया जाता है या गया है जिसमें राज्य शासन की राय में नैतिक अधमता अंतर्वलित है।

(दो) किसी भी समय दिवालिया के रूप में अधिनिर्णित किया जाता है या किया गया था।

98. **निधि का उपयोग.**— (क) अधिनियम की धारा 83 की उप धारा (2) के प्रावधान अनुसार, राज्य निधि का उपयोग निम्नलिखित प्रयोजनों के लिये किया जाएगा, अर्थात् :—

(1) ऐसे क्षेत्रों में वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु, जो विनिर्दिष्ट रूप से केन्द्र/राज्य शासन की किसी योजना और कार्यक्रम के अन्तर्गत नहीं आते है या पर्याप्त रूप में राज्य शासन की किसी योजना या कार्यक्रम के अधीन वित्त पोषित नहीं है।

(2) छत्तीसगढ़ निराश्रितों एवं निर्धन व्यक्तियों की सहायता नियम, 1999 के अंतर्गत संधारित निराश्रित निधि का उपयोग, दिव्यांग व्यक्तियों के कल्याणार्थ प्रावधानित प्रयोजनों में किया जायेगा।

(3) इस अधिनियम के अधीन गठित समिति एवं बोर्ड के अशासकीय सदस्यों को मानदेय/यात्रा व्यय का भुगतान।

(4) ऐसे अन्य प्रयोजनों के लिए, जैसा कि राज्य सलाहकार बोर्ड द्वारा अनुशंसा किये जाये।

(5) प्रत्येक प्रयोजन हेतु, आयुक्त/संचालक समाज कल्याण अधिकतम रूपये 10 लाख तक व्यय कर सकेगा। अधिक राशि, जो कि पहले ही स्वीकृत है, का आहरण छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग से अनुमोदन पश्चात् किया जा सकेगा।

(ख) समिति, ऐसी निबंधनों और शर्तों पर, लेखापाल सहित कर्मचारिवृंद की नियुक्ति कर सकेगी, जैसा कि राज्य निधि के प्रबंधन के देखभाल और उपयोग के लिये उसे उचित प्रतीत हो।

99. **बजट.**— (1) दिव्यांगजनों के लिये राज्य निधि में प्राप्त राशि, छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग द्वारा सूचीबद्ध और चिन्हित बैंक में रखा जायेगा।

(2) राज्य निधि का बैंक से आहरण आयुक्त/संचालक, समाज कल्याण, संचालनालय के अनुमोदन से द्वि—हस्ताक्षर प्रणाली के अधीन होगा।

(3) राज्य निधि के वित्तीय लेखाओं का अंकेक्षण प्रशासकीय विभाग द्वारा अधिकृत चार्टर्ड एकाउण्टेन्ट से प्रतिवर्ष कराया जाएगा। एक ही चार्टर्ड एकाउण्टेन्ट द्वारा लगातार 3 बार अंकेक्षण नहीं कराया जायेगाः

परन्तु विभाग द्वारा राज्य निधि के वित्तीय लेखों के अंकेक्षण हेतु अन्य संस्था का मनोनयन भी प्रबंधन समिति के अनुशंसा से किया जा सकेगा।

(4) संचालनालय, प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए राज्य निधि के लेखाओं का अंकेक्षण, चार्टर्ड एकाउण्टेन्ट से करा कर, प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्राप्त अनुदान राशि का अंकेक्षण प्रतिवेदन, उपयोगिता प्रमाणपत्र के साथ छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग को प्रस्तुत करेगा।

(5) प्रशासकीय विभाग को कभी भी राज्य निधि के लेखों का हिसाब–किताब मांगने का अधिकार होगा और संचालनालय, समाज कल्याण, इसे प्रस्तुत करने के लिए बाध्य होगा।

100. **प्रशासकीय/वार्षिक प्रतिवेदन.**– (1) छत्तीसगढ़ शासन, समाज कल्याण विभाग विभागीय वार्षिक/प्रशासकीय प्रतिवेदन में दिव्यांगजनों के लिए राज्य निधि पर एक अध्याय सम्मिलित करेगा।

(2) राज्य शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजना/कार्यक्रमों द्वारा वित्तीय वर्ष में प्राप्त आबंटन (योजना/मदवार) से कुल लाभान्वित हितग्राहियों में से दिव्यांगजनों के लिए वित्तीय (व्यय) और भौतिक उपलब्धि की संख्यात्मक जानकारी प्रतिशत सहित उल्लेख किये जायेंगे।

101. **निरसन तथा व्यावृत्ति.**– निःशक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकार संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) नियम, 1997 एतद्द्वारा निरसित किया जाता हैः

परन्तु उक्त नियम के निरसन के होते हुए भी, उक्त नियम के अधीन की गई कोई भी बात या की गई कोई भी कार्यवाही, इन नियमों के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन की गई बात या की गई कार्यवाही समझी जायेगी।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
भुवनेश यादव, सचिव.

कार्यालय का नाम ....
जिला..(छत्तीसगढ़)

प्ररूप–एक
(नियोक्ता की विवरणी)
(नियम 30 (1) देखिये)

1. 31 मार्च 20......... को समाप्त अर्द्ध वर्ष के लिए विशेष रोजगार कार्यालय को प्रस्तुत की जाने वाली 06 मासिक विवरणी।
2. नियोक्ता का नाम और पता ....
3. मुख्यालय ....
4. शाखा अधिकारी ....
5. कार्यवाही/मुख्य कार्यकलाप की प्रकृति ....

(क) रोजगार

शासकीय स्थापन/संस्था के पे–रोल पर व्यक्तियों की कुल संख्या, जिसके अन्तर्गत प्रोपाइटर/भागीदार/कमीशन अभिकर्ता/आकस्मिक संदत्त और ठेका श्रमिक है, किन्तु जिसमें अंशकालिक कर्मकार और प्रशिक्षु नहीं है। (इन आकंडों में ऐसा प्रत्येक व्यक्ति शामिल होना चाहिए, जिसकी मजदूरी या वेतन का संदाय शासकीय/स्थापन/संस्था द्वारा किया जाता है)।

प्रथम अर्द्ध वर्ष के अंतिम कार्य दिवस को				
अंधता और निम्न दृश्यता	बधिर और जिन्हें सुनने में कठिनाई होती है	चलन दिव्यांगता, जिसके अन्तर्गत प्रमस्तिष्क, घात, उपचार पश्चात कुष्ठ मुक्त, बौनापन, अम्ल हमले के पीड़ित और पेशीय दुर्विकास है	ऑटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, सीखने में विशिष्ट दिव्यांगता और मानसिक रोग	स्तंभ (1) से (4) के अधीन दिव्यांगताओं से युक्त व्यक्तियों में से बहु दिव्यांगता, जिसके अन्तर्गत बधिर–अंधता है
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)

प्रतिवेदन के अधीन अर्द्ध वर्ष के अंतिम कार्य दिवस को				
अंधता और निम्न दृश्यता	बधिर और जिन्हें सुनने में कठिनाई होती है	चलन दिव्यांगता, जिसके अन्तर्गत प्रमस्तिष्क, घात, उपचार पश्चात कुष्ठ मुक्त, बौनापन, अम्ल हमले के पीड़ित और पेशीय दुर्विकास	ऑटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, सीखने में विशिष्ट दिव्यांगता और मानसिक रोग	स्तंभ (1) से (4) के अधीन दिव्यांगताओं से युक्त व्यक्तियों में से बहु दिव्यांगता, जिसके अन्तर्गत बधिर–अंधता

		है		है।
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)

1. दिव्यांगताग्रस्त पुरूष ....
2. दिव्यांगताग्रस्त महिला ....
3. दिव्यांगताग्रस्त तृतीय लिंग ....

योग ....

(क) यदि छः माह के दौरान वृद्धि या कमी 06 प्रतिशत से अधिक है तो रोजगार मे कमी या वृद्धि के मुख्य कारणो को उपदर्शित करें।

2. रिक्तियां :– रिक्तियां, जिनकी कुल परिलब्धियां प्रतिमास विद्यमान न्यूनतम मजदूरी के अनुसार है और जो 06 माह की अवधि से अधिक है।

(क) छः माह के दौरान उदभूत और अधिसूचित रिक्तियों की संख्या तथा इस अवधि के दौरान भरी गई रिक्तियों की संख्या (दिव्यांग पुरूष और महिलाओं के लिए पृथक् आंकडे दिए जाएं)

उद्भूत	**अधिसूचित**	**भरी गई**	**स्त्रोत**
(1)	(2)	(3)	(4)

(उस स्त्रोत का वर्णन करें, जिसमें भरी गई है)

स्थानीय/विशेष रोजगार कार्यालय	**साधारण रोजगार कार्यालय**
(1)	(2)

(ख) 2 (क) द्वारा रिपोर्ट के अधीन छः माह के दौरान उदभूत सभी रिक्तियों को अधिसूचित न करने के कारण ....

3. **जनशक्ति की कमी :–**
उपयुक्त आवेदकों की कमी के कारण रिक्तियां/ नहीं भरे गये पद ....

व्यवसाय या पद का नाम ....

न भरी गई रिक्तियां/पद (दिव्यांगता अनुसार) ....

अनिवार्य अर्हता	अनिवार्य अनुभव	अनुभव आवश्यक नहीं
(1)	(2)	(3)

कृपया किसी अन्य व्यवसाय को सूचीबद्ध करें, जिसके लिए शासकीय स्थापन/संस्था ने उपयुक्त आवेदकों को अभिप्राप्त करने में कठिनाई अनुभव की है।

नियोक्ता के हस्ताक्षर

तारीख ....

सेवा में,

रोजगार कार्यालय
....
....
....

टीप : यह विवरणी, 31 मार्च और 30 सितम्बर को समाप्त हुए छः माह के लिए है और इसे सम्बन्धित छमाही के अंत के पश्चात् 30 दिवस के भीतर विशेष रोजगार कार्यालय को भेज दिया जायेगा।

कार्यालय का नाम ....
जिला...(छत्तीसगढ़)

प्ररूप—दो
(दिव्यांगजन नियोक्ता की विवरणी)
(नियम 30 (1) देखिये)

स्थानीय विशेष रोजगार कार्यालय को दो वर्षो में एक बार प्रस्तुत की जाने वाली व्यवसाय विवरणी

1. नियोक्ता का नाम और पता ....
2. कार्यवाही की प्रकृति ....

(कृपया वर्णन करें कि सरकारी स्थापन क्या निर्मित करता है या उसका प्रधान कार्यकलाप क्या है)

(1) सरकारी स्थापन के पे—रोल पर .... विनिर्दिष्ट तारीख को व्यक्तियों की कुल संख्या (इन आंकड़ों में ऐसा प्रत्येक व्यक्ति शामिल होना चाहिए, जिसकी मजदूरी या वेतन का संदाय सरकारी स्थापन द्वारा किया जाता है (दिव्यांग पुरूषों, महिलाओं एवं तृतीय लिंग के लिए पृथक आंकड़े दिए जाएं।

(2) ऊपर मद 1 में दिए गए सभी कर्मचारियों के व्यवसाय का वर्गीकरण (कृपया प्रत्येक व्यवसाय में कर्मचारियों की संख्या नीचे पृथकत : दें।)

व्यवसाय .... कर्मचारी की संख्या ....

सटिक अभिव्यक्ति का उपयोग	दिव्यांग पुरूष	दिव्यांग महिला	दिव्यांग तृतीय लिंग	योग
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)

जैसे इंजीनियर (यांत्रिक) : शिक्षक (घरेलू / विज्ञान) कार्य हेतु अधिकारी (बीमांकक) : सहायक निदेशक (धातु विज्ञान) : अनुसंधान अधिकारी (अर्थशास्त्री) : अनुदेशक (बढई) पर्यवेक्षक (दर्जी) : फिटर (आंतरिक दहन दंजन) : निरीक्षक : (स्वच्छता, कार्यालय अधीक्षक, प्रशिक्षु वैद्युत मिस्त्री)	कृपया जहां तक संभव हो, प्रत्येक व्यवसाय में अनुमानित रिक्तियों की संख्या दें, जिन्हें आपके द्वारा अगले कलैंडर वर्ष में सेवानिवृत्ति के कारण भरा जाएगा।
योग	

तारीख ....

नियोक्ता के हस्ताक्षर

सेवा में,

रोजगार कार्यालय
(कृपया यहां अपने स्थानीय रोजगार कार्यालय के पता का उल्लेख करें)

टीप :– कॉलम–2 के अधीन कॉलम 5 का योग कॉलम–1 के सामने दिए गए आंकड़ों के अनुरूप होना चाहिए।

कार्यालय का नाम ....
जिला..(छत्तीसगढ़)

प्ररूप–तीन
(दिव्यांगजन नियोक्ता की विवरणी)
(नियम 31 देखिये)

1. नियोक्ता का नाम और पता ....
2. मुख्यालय ....
3. शाखा मुख्यालय ....
4. कार्यवाही / मुख्य कार्यकलाप की प्रकृति ....

शासकीय स्थापन / संस्था के पे–रोल पर व्यक्तियों की कुल संख्या (इन आंकड़ों में ऐसा प्रत्येक व्यक्ति शामिल होना चाहिए, जिसकी मजदूरी या वेतन का संदाय शासकीय स्थापन / संस्था द्वारा किया जाता है)।

स्थापन / संस्था के पे–रोल पर दिव्यांगजनों (दिव्यांगता–वार) की कुल संख्या (इन आंकड़ों में दिव्यांगताग्रस्त प्रत्येक व्यक्ति शामिल होना चाहिए, जिसकी मजदूरी या वेतन का संदाय स्थापन / संस्था द्वारा किया जाता है।

(क) सभी कर्मचारियों की व्यवसायिक अर्हता (नीचे प्रत्येक व्यवसाय में कर्मचारियों की संख्या पृथकत : दें)

व्यवसाय	दिव्यांग कर्मचारियों की संख्या				
	पुरूष	महिला	तृतीय लिंग	योग	
